अधिकतम :26° C
न्यूनतम: 12° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 29 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 318 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों: राष्ट्रपति पेज 2

मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा खेल टाइम्स

जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम
सम्पादकीय

अमेरिका में अब इंडियन शब्द के इस्तेमाल पर रोक !, ट्रम्प का फिर विवादित बयान पेज 12

संक्षिप्त समाचार

चार दिसम्बर को भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार दिसम्बर को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पुतिन पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज देंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री पुतिन चार से पांच दिसम्बर तक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वह भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान श्री पुतिन श्री मोदी के साथ बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू श्री पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया जाएगा। श्री पुतिन की यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और विशेष तथा विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का विज़न तय करने और परस्पर महत्व के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान- प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए 30 नवम्बर को संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार आ रहे बयानों, चीन के साथ बिजनेस समझौतों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक संसद सत्र में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण पर भी दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति समूह की बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसम्बर तक चलेगा।

कपिल के कनाडा के कैफे में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लो गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था।

सहारनपुर: बेकाबू डम्पर कार पर पलटा, सात की मौत

मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

सहारनपुर। गागलहेड़ी थाने के गांव सोना सैयद माजरा के पास टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज के अंडर पास में बजरी से भरा डम्पर बेकाबू होकर सामने से आ रही आई-20 कार पर पलट गया, जिससे कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बड़ी मुश्किल से शवों को कार से निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पंचनामा भर कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर कमिश्नर डा. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जिला अस्पताल पहुंचकर कमिश्नर एवं डीआईजी ने सभी शवों को देखा मृतकों के परिजनों को दिलासा दिया। उन्होंने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है और प्रशासन इसकी जांच कराएगा। उन्होंने बताया कि डम्पर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जिला अस्पताल में मौजूद एसपी सिटी व्योम जिंदल और सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतकों में संदीप (25), रानी (55), जॉली (30), शेखर (35) दामाद, छांगामाजरी थाना भगवानपुर उत्तराखंड और 2 वर्षीय बालक अनिरुद्ध और विपिन निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना -शेष पृष्ठ दो पर

- शवों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला
- भीड़ ने पांच घंटे तक सहारनपुर-देहरादून हाईवे पर लगाया जाम

बुलंदशहर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

बुलंदशहर। जिला में गुरुवार देर रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की गोली लगने से मृत्यु हो गई। यह घटना थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर की है, जहां ककोड़ थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी शिवम की बारात आई हुई थी। समारोह के दौरान सुग्रीव नामक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोली भाजपा नेता धर्मेन्द्र भाटी की छाती में जा लगी। गंभीर रूप से घायल भाटी की नोएडा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई।

अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

योगी सरकार का नया आदेश, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज होंगे अनिवार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब किसी भी सरकारी प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्मतिथि साबित करने के दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार के इस आदेश के बाद अब नियुक्ति, प्रवेश, पेंशन, लाइसेंस सहित सभी ऐसे कार्यों में जहां जन्मतिथि का प्रमाण आवश्यक होता है, आधार कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि आधार में दर्ज जन्मतिथि अधिकतर स्थिति में स्वयं घोषित होती है और यह आधिकारिक अभिलेखों के आधार पर सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे जन्मतिथि के विश्वसनीय स्रोत के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार के आदेश के अनुसार अब जन्मतिथि साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को प्राथमिक दस्तावेज माना जाएगा, जो नगर निगम, नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत में दर्ज जन्म पंजीकरण अभिलेखों से जारी होता है। इसके साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट या विद्यालय द्वारा जारी किया गया मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी जन्मतिथि के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल रिकॉर्ड या अन्य किसी सक्षम सरकारी -शेष पृष्ठ दो पर

- अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

मुंबई। जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिये यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस आथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे।

इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूआईडीएआई ने शुक्रवार को मोबाइल नंबर अपडेट करने वाली सर्विस के लॉन्च की घोषणा की। यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है।

- एप पर ओटीपी और फेस आथेंटिकेशन से अपडेट होगा
- किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी

ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाई भारत की सैन्य रैंकिंग, मेजर पावर बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पाइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया। लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 14.5 प्वाइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पाइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं। अमेरिका एशिया में न होते हुए भी अपने बड़े प्रभाव के कारण इसमें शामिल है। इंडेक्स के अनुसार भारत निवेश के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आता है और इस मामले में उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर फैलाना चाहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिले अनुभव ने रक्षा क्षमता को रेटिंग को और मजबूत किया है। भारत आर्थिक क्षमता में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है, जिससे इकोनामिक रिलेशन इंडेक्स में यह 9वें स्थान पर पहुंचा। भारत की इकोनॉमी, कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और मिलिट्री क्षमता लगातार बेहतर हो रही है।

- दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत बना, लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे और पाकिस्तान 16वें नंबर पर

- ऑपरेशन सिंदूर बढ़ाने में अहम भूमिक चीन को पीछे छोड़ा

वायु प्रदूषण संकट पर संसद में चर्चा जरूरी: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुएपीएम मोदी से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और हर घर की अपने बच्चों लेकर यह बघे चिंता बन गई है, इसलिए देश के बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का हक है और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा जहरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं।

- कांग्रेस नेता ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

व्यापक सुधार विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता हुई और खराब

नई दिल्ली। दम घोंटने वाले धुआं और धूल (स्मॉग) के साथ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' स्तर का दर्ज किया गया और तड़के दृश्यता भी कम रही।

वायु गुणवत्ता संबंधी सूचनाओं से पता चला कि आज पूर्वाह्न 11 बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 315 था, जो खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत आता है। पीएम 2-5 (227) और पीएम10 (295) दर्ज की गई, जो सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। उच्च आर्द्रता (68 प्रतिशत), बादलों तथा हवा की कम गति की वजह से प्रदूषक जमीन से कुछ ही ऊपर बने रहे। आनंद विहार सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, जहां दिन की शुरुआत में निगरानी डेटा के अनुसार एक्यूआई 408 तक पहुंचने के कारण घना 'धूल और धुआं' छा गया। प्रदूषण की 'गंभीर' श्रेणी वाले कई प्रमुख इलाके अशोक नगर (417 एक्यूआई), बवाना (413), चांदनी चौक (408), जहांगीरपुरी (420), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (401), और बुराड़ी क्रॉसिंग (403) शामिल हैं।

चुनाव आयोग से मिला टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के एसआईआर के बीच यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जारी के साथ एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की।

जीडीपी वृद्धि दर रही दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही।

इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही -अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल-सितम्बर 2025 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 6.1 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 6.9 प्रतिशत रही थी। विशेषज्ञों ने बताया कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की विकास दर देश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दिखाती है। उन्होंने कहा कि मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जीडीपी में तेज वृद्धि को पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारक द्वितीयक क्षेत्र का प्रदर्शन है, जिसमें विनिर्माण भी शामिल है।

- सेवा और विनिर्माण का जोरदार प्रदर्शन, वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही

गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं: सीजेआई

नई दिल्ली। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे सीजेआई ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है। ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं, मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा।

- जस्टिस सूर्यकांत बोले- मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं, मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

संक्षिप्त समाचार

तेंदुए के लिए लगाए पिंजरे में दो घंटे तक फंसा रहा युवक

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक युवक के फंस जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पिंजरे के अंदर घुसे युवक को लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना उमरी दहलो गांव की है, जहां प्रदीप (45) के घर से लगभग 500 मीटर दूर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। दो दिन पहले इसी इलाके में तेंदुए के हमले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत प्रदीप पिंजरे के पास पहुंचा और अंदर चला गया। जैसे ही वह भीतर गया, पिंजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने मोबाइल फोन से ग्रामीणों को सूचना दी।

लेखपाल की आत्महत्या से नाराज लेखपालों का धरना प्रदर्शन

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से क्षुब्ध प्रदेश भर के लेखपालों ने शुक्रवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी में लेखपाल संघ के बैनर तले राजातालाब तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की। लेखपालों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अत्यधिक कार्यभार और दबाव के कारण अधिकारियों ने सुधीर कुमार को अपनी शादी के लिए भी छुट्टी नहीं दी, जिससे मान. सिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

यूपी के लोगों को बिजली बिल के ब्याज पर 100 फीसदी छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसमें एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इसके साथ ही मूलधन में भी भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2 किलोवाट और कमर्शियल उपभोक्ता 1 किलोवाट तक शामिल हैं। 90 दिन तक चलने वाली इस योजना में बिजली के बकाया बिल पर सरचार्ज पूरी तरह खत्म होने के साथ इसे आसान किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इस योजना में घरेलू उपभोक्ता 2 केवी और दुकानदार 1केवी को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए योजना बेहद राहत देने वाली है।

उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है, जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहां कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे।

मुजफ्फरनगर के बच्चों की पूरी जिम्मेदारी मेरी: कपिल देव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उन्नीसवीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने पहुंचे मुजफ्फरनगर जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स दल का शुक्रवार को लखनऊ स्थित आवास पर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे मुजफ्फरनगर के हैं, और इनकी पूरी जिम्मेदारी भी मेरी है। इनके ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की निगरानी मैं स्वयं कर रहा हूं। मुजफ्फरनगर से आए स्काउट्स-गाइड्स का दल 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मंत्री आवास पर ही ठहरा हुआ है। आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था मंत्री अग्रवाल ने अपने प्रत्यक्ष निर्देशन में सुनिश्चित की है। बच्चों और प्रशिक्षकों ने मंत्री द्वारा किए गए इस विशेष सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्काउट्स- गाइड्स संगठन को देश का सबसे अनुशासित और संस्कारित युवाओं का समूह बताते हुए कहा कि योगी सरकार युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है।

विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों

वसुधैव कुटुम्बकम आज के समय प्रासंगिक:मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ध्यान (योग)समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व. विद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं। उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है।

सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'ओम शांति' से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचिंतन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

महापौर ने सौंपी नगर की चाभी

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के लखनऊ आगमन पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा औपचारिक स्वागत एवं सम्मान के महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश और नगर के शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ की गरिमामई परंपरा के अनुरूप राष्ट्रपति को नगर की चाभी भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। नगर की चाभी सौंपना लखनऊ की ओर से सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस सम्मान को ग्रहण करते हुए राष्ट्रपति ने लखनऊवासियों के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

अमर सिंह की बेटियों पर टिप्पणी मामले में आजम खां को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खान अभी जेल में बंद है, इस बीच कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अमर सिंह की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बड़ी राहत दी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। 2018 में अमर सिंह ने अपनी बेटियों पर एसिड अटैक की धमकी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह का निधन हो चुका है। उन्होंने आजम खान के विवादित बयान पर लखनऊ के गोमत. ीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रामपुर कोर्ट ने मामले में आजम खान को जेल से पेश होने के आदेश दिए थे। पुलिस की कैदी गाड़ी रामपुर जेल लेने गई थी, लेकिन वह तबियत का हवाला देते नहीं बैठें। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी में एक निजी चैनल को दिए इंटव्यूं में विवादित बयान दिया था। इस पर उस समय खूब हंगामा मचा था, अमर सिंह ने इसके लेकर दिल्ली से लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किया था। आजम के खिलाफ आईपीसी की धारा 153।, 295। और 506 के तहत कार्रवाई हुई थी। अमर सिंह ने शिकायत में अपनी बेटियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए न्याय की मांग की थी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश को रिजर्व रख लिया था। आज कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खान को बरी कर दिया।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85700.29 | निफ्टी 26200.60

सोना रु. 127890 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 173100 प्रति किलो

शेयर बाजारों में तेजी थमी, मामूली गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। दोपहर बाद तक तेजी में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी.50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया। एनएसई में कुल 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,527 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,555 के शेयर गिर गए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। ऑटो, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों और सार्वजनिक बैंकों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, तेल एवं गैस, निजी बैंकों, रियलिटी और वित्तीय क्षेत्रों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सनफार्मा में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में भी तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी लुढ़क गया। इटरनल में 0.83 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.70 और एक्सिस बैंक में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, ट्रेंट, बीईएल, एलएंडटी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.34 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

सोने के दाम में गिरावट चांदी में तेजी बरकरार

नई दिल्ली। देश में शुक्रवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। दूसरे शहरों में भी कीमत लुढ़की है। प्रॉफिट बुकिंग, कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू स्तर पर कम खरीद की वजह से सोने की कीमतों को झटका लगा। वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने से उलट चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को चांदी का भाव 173100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी बिजनेसमैन और किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी का अनुमान है कि चांदी जल्द ही 70 डॉलर और शायद 2026 में 200 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 117240 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस बीच यह उम्मीद बनी हुई है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। अगर फेड की ओर से ब्याज दर में और कमी की जाती है, तो सोने की कीमत में तेजी आ सकती है। रेट कट से बॉन्ड कम आकर्षक हो जाते हैं और निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट्स में निवेश बढ़ाते हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया। इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आरक्षित निधि 2.3 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 8.4 अरब डॉलर घटकर

औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े एक दिसम्बर को आएंगे

नई दिल्ली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अक्टूबर के आंकड़े अब 1 दिसम्बर को जारी होंगे। पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) के आंकड़े और आईआईपी के अक्टूबर के आंकड़े 28 नवम्बर को एक ही दिन जारी होने थे। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जीडीपी के आंकड़े आज जारी होने के कारण आईआईपी के आंकड़ों का प्रकाशन टाल दिया गया है। अब ये आंकड़े 1 दिसम्बर को जारी किए जाएंगे।

क्रमश: 4.757 अरब डॉलर और 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले कुछ समय से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आसपास बना हुआ है। देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है और रिजर्व बैंक की जरूरत पड़ने पर रुपये को समर्थन देने की गुंजाइश को बढ़ाता है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

सहारनपुर: डम्पर...

सहारनपुर और उमेश सिंह (52) निवासी मो. हद्दीपुर रावली हरिद्वार उत्तराखंड शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई आई-20 कार को संदीप सिंह चला रहा था। घटनास्थल पर सांसद इमरान मसूद, पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी, एमएलसी शाहनवाज खान, विधायक आशु मलिक और पूर्व विधायक जगपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की। पांच घंटे के सड़क जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई, पुलिस प्रशासन ने कई वाहनों को मार्ग बदलकर निकलवाया। डीएम, एसएसपी ने जाम खुलवाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन गुस्साई भीड़ कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने लोग सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीपुर फन्दपुरी में अपनी रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए जा रहे थे कि सहारनपुर जनपद के थाना गागलहेड़ी के इस दर्दनाक हादसे में इन सभी की जान चली गई। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों और उनके दो निकट सम्बन्धियों की मौत हो गई।

अब आधार...

विभाग द्वारा जारी दस्तावेज भी परिस्थितियों के अनुसार मान्य माने जाएंगे। शासन स्तर पर यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विभिन्न विभागों में दस्तावेज सत्यापन के दौरान हो रही भ्रांतियों, फर्जीवाड़े और स्वघोषित जन्मतिथि के आधार पर बन चुके आधार कार्ड के उपयोग से उत्पन्न विवादों को समाप्त किया जा सके। कई मामलों में पाया गया कि आधार बनवाते समय लाभार्थी स्वयं जन्मतिथि अंकित कर देते हैं, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड और आधार में दर्ज तिथि में असंगति सामने आती है। सरकार का कहना है कि जन्मतिथि जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख केवल उन दस्तावेज़ों के आधार पर ही स्वीकार किए जाने चाहिए जिनका स्रोत सरकारी पंजीकरण या मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान हों। इस नए आदेश के लागू होने के बाद अब राज्य के सभी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय मानी जा रही है। शासन ने विभागों को यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेजों की जांच करते समय आधार कार्ड को जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण के रूप में कतई न माना जाए, बल्कि केवल वैध प्रमाणपत्रों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाए। सरकार का यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आधिकारिक अभिलेखों की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया: गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है।

गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है, जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ एफटीए पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है।

पचास देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है भारत: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काली जादा, मुजफ्फरनगर-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक सांसृष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
गुर्च की डंडी, बड़ीहरड़ी, जॉन्डिस, पीली जीभर, एल्कॉलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी से लूट

तीस हजार की नकदी व कपड़े लूटे कर बदमाश फरार

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। शुक्रवार दोपहर घण्टाघर काशीराम कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बदमाश ने दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी को चाकू दिखाकर हजारों की नकदी और कीमती कपड़े लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गया। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

काशीराम कॉलोनी निवासी बिजेंद्र कुमार गोयल, पुत्र ब्रह्मानंद, की कॉलोनी में ही आकाश गारमेंट्स नाम से कपड़ों की दुकान है। शुक्रवार दोपहर बिजेंद्र अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी एक युवक दुकान में घुस आया और अचानक चाकू निकालकर बिजेंद्र को धमक. ाने लगा। चाकू की नोक पर उसने 15 हजार रुपये नकद और लगभग 15 हजार रुपये कीमत के कपड़े लूट लिए। बदमाश के भागते ही व्यापारी ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी। तुरंत 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को भी जानकारी दी थी। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बदमाश साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस उसके हुलिए के आधार पर तलाश में जुट गई है।

वहीं, कॉलोनी में कॉबिंग के दौरान पुलिस को अभी तक बदमाश का कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि तहरीर अभी नहीं दी गई है, लेकिन घटना की सूचना पुलिस को समय रहते दे दी गई थी।

दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात से नगर के व्यापारियों में भारी रोष और भय व्याप्त है। पुलिस बदमाश की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। जब इस बारे में कस्बा इंचार्ज तेजवीर सिंह से फोन द्वारा जानकारी ली गई तो पहले तो उन्होंने फोन काट दिया और बाद में उनका फोन काफी देर तक बिजी आता रहा जिस कारण इस घटना के बारे में पुलिस द्वारा कोई जानकारी नही मिल पाई। वही पीड़ित ने दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की।

अधिकारियों के रवैये से आहत लेखपालों ने दिया धरना

एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। अधिकारियों द्वारा फतेहपुर जिले के एक लेखपाल को एसआईआर के नाम पर प्रताड़ित किए जाने की दशा में लेखपाल द्वारा सुसाइड किए जाने से क्षुब्ध होते हुए बुढ़ाना क्षेत्र के सब लेखपालों ने उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा बुढ़ाना के अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में कामकाज बंद कर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। शादी की व्यवस्था के चलते 22 नवम्बर को लेखपाल सुधीर एसआईआर की बैठक में न आने के कारण ईआरओ संजय सक्सेना द्वारा निलंबित करवा दिया गया। 25 नवम्बर को डिप्टी कलेक्टर संजय व नायब तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम लेखपाल सुधीर के घर पहुंचे और कहा एसडीएम ने कहा है कि एसआईआर व अन्य कार्य पूरा कर या पैसे देकर किसी अन्य से करवा नही सेवा समाप्त होगी। रोज की फटकार, शादी हेतू छुट्टी न मिलने व निलंबन के कारण पहले से ही तनाव में चल रहे सुधीर लेखपाल ने बर्खास्तगी की धमकी सुन आत्महत्या कर ली। ये आत्महत्या नही हत्या है। बहन ने एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिये व जिले के लेखपालों के अनुरोध के बाद 30 घंटे तक एफआईआर दर्ज नही की गयी। परिजनो ने एसडीएम व अन्य आरो. पियो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज न करने पर शव का अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया। 26 नवम्बर को लाश उठाने को प्रशासन द्वारा षडयंत्रपूर्वक परिजनों की तहरीर बदलकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। रिपोर्ट में आरोपी संजय का नाम शामिल न कर केवल राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट लिखा दी गयी। प्रशासन द्वारा कपट से केस को कमजोर करने का खेल किया गया। उक्त घटनाक्रम से प्रदेश के लेखपालों में भय है। मृतक के परिजन आहत हैं। लेखपाल अनुशासित व आज्ञाकारी कर्मठ कर्मचारी होने के कारण तहसील व जिले के अधिकारियो द्वारा लेखपाल के विभागीय कार्यों के अलावा अन्य विभागों अन्य कर्मचारियों से संबंधित कार्य आज व अभी पूरा कराने का अव्यवहारिक दबाव लेखपालों पर डालने की प्रवृत्ति बढ रही है। अन्य विभाग कर्मचारियों से सम्बंधित कार्य पूरा कराने हेतु डीएम व एसएसपी या सम्बंधित विभागों के अधिकारियो द्वारा सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों की समीक्षा नही की जाती अपितु जब बहुत कम समय रहता है तब लेखपालों पर उसे पूरा करने का दबाव बनाया जाता है जिसके लिए अधिकारी लेखपालों के साथ सार्वजनिक रुप से फटकार से लेकर वेतन रोकने निलंबन प्रतिकूल प्रविष्टि, ना सुनने की आदत समाप्त होती जा रही है केवल डंडे के बल पर प्रथम बैंकिंग पाने की अंधी दौड मची है। कई लेखपाल गंभीर बीमारी का शिकार हैं। मुख्य आरोपी संजय का नाम रिपोर्ट में दर्ज हो। मृतक की माता को 50 लाख दिए जाएं। मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। एसआईआर की तिथि आगे बढ़ाई जाए। कम समय में काम पूरा करने का दबाव कर्मचारियो के स्वास्थ्य व जीवन को खतरे में डाल रहा है।

अधीनस्थ लेखपालों के साथ सदव्यवहार, संवे. दनशीलता व संवाद स्थापित करने व यूपी लेखपाल संघ के पदा. धिकारियो के साथ शासन के निर्देश अनुसार नियमित बैठक करने के निर्देश सब डीएम व एसडीएम को दिए जाएं।

ओवरलोड गन्ना वाहनों पर कमिश्नर ने डीएम से मांगी रिपोर्ट

आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत के बाद मण्डलायुक्त ने दिए कड़े कदम उठाने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। ओवरलोड गन्ना वाहनों के संचालन की शिकायत पर सहारनपुर मंडल के कमिश्नर डॉ. रूपेश कुमार ने ओवरलोड वाहनों की जांच के आदेश जारी किए हैं तथा डीएम और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक निवासी पीनना ने मंडलायुक्त को भेजी शिकायत में कहा है कि जनपद में नवंबर महीने में शुगर मील संचालित हो गई हैं, शुगर मिलों द्वारा गलत तरीके से ट्रैक्टर ट्राला के माध्यम से 400 कुंतल से अधिक गन्ना क्रय केंद्र से शुगर मिल तक गन्ना ढुलाई का कार्य करते हैं, जो सरकार को टैक्स जमा भी नहीं करते हैं। सदह्ल के मौसम में हाईवे रोड पर दुर्घटना अधिक होती है। पिछले 2 वर्षों में प्रतिवर्ष दर्जनों व्यक्तियों से अधिक लोगों की ट्रैक्टर ट्रालों में टकराने से दुर्घटना होने से मृत्यु हो चुकी है जो आम नागरिक के परिवार को छती पहुंचती है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है।

आम नागरिकों की जान माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कठोर कार्यवाही करने की कृपा करें प्राथह्ल द्वारा पूर्व में भी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा परिवहन आयुक्त लखनऊ तथा कमिश्नर सहारनपुर मंडल सहारनपुर व जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को बार-बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया। गलत तरीके से गन्ना ढुलाई करना सड़कों को तोड़ना लोगों की जान लेना, बिना टैक्स दिए रोड पर चलना अपराध की श्रेणी में आता है पिछले 2 वर्षों में कुछ कार्यवाही हुई भी लेकिन पूर्णत ट्रैक्टर ट्रालों पर प्रतिबंध नहीं लगा जो 400 कुंतल से अधिक गन्ना क्रय केंद्र से शुगर मिल तक ढुलाई करने का कार्य कर रहे हैं।

शिकायत में कहा गया कि दो दिन पहले रामराज मे ओवरलोड गन्ना ट्रक के नीचे कार सवार व्यक्ति दब गए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की मदद से हाइड्रा मंगाकर कार को बाहर निकाला कार मे बैठे व्यक्ति घायल हो गए। यदि किसी भी आम नागरिक की गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रोलो से या अवरलोड ट्रको से अगर कोई सड़क पर जान जाती है तो शुगर मिल कैन जीएम के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। शुगर मिल कैनजीएम अवैध ट्रैक्टर ट्रोलो से 400 कुंतल गन्ना शुगर मिल मे प्रवेश कर रहा है।

शिकायत में कहा गया कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद गन्ना विभाग के द्वारा समस्त चीनी मिलो को 27 अगस्त को ओवरलोड गन्ना ढुलाई वाहन का रजिस्ट्रेशन फिटनेस बीमा गन्ना ढुलाई मानक निर्देश जारी भी किए गए लेकिन उसके बावजूद भी ट्रैक्टर ट्रालो वाहन स्वामी परिवर्तन विभाग की अनुमति के बिना भी गन्ना ढुलाई करते रहते हैं क्योंकि राजनीतिक संरक्षण उन लोगों को मिला हुआ है। मंडलायुक्त ने इस संबंध में डीएम और एसएसपी को निर्देश जारी किये हैं कि सुमित मलिक द्वारा की जा रही बार बार शिकायतों का संज्ञान लेकर ठोस जांच और कार्रवाई करते हुए अखियां देने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा के जिला अध्यक्ष हरवीर पाल को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। जिला सहकारी बैंक में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रजनीश कौशल ने जिला अध्यक्ष को फूलों की माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उपस्थित सदस्यों ने हरवीर पाल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह पार्टी की नीति पर काम करेंगे और पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर। पार्टी कार्यालय पर बसपाईयों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी का जनपद में नए शिरे से मजबूती मिलेगी। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं को साथ लेकर बहन मायावती की नीतियों तक जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

कानून तोड़ने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

चैकिंग कर रहे एसपी सिटी व पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का किया था प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पुलिस अपराध व अपराधियों के विरूद्ध सख्त नजर आ रही है। गुरूवार की रात एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत रोजाना की तरह शहर में चैकिंग व गस्त कर रहे थे और इसके बाद वह शिवचौक पर पहुंचे और यहां भी पुलिसकर्मियों के साथ चैकिंग अभियान चलाया। इसी बीच पुलिसकर्मियों को एक काले रंग की स्कार्पियो दिखाई पडी। कार सवार लोग तेजी से हूटर भी बजा रहे थे पुलिस ने कार को रूकने का इशारा किया बताया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन का झण्डा लगा हुआ था। एसपी सिटी ने कार के पास पहुंचकर जब उसमें सवार युवको से पूछताछ की तो कार सवारों ने गाडी को दौडा दी। पुलिसकर्मियों ने काफी दूर तक उन्हे रोकना चाहा कि चालक ने रफ्तार इतना बढा दी थी कि पुलिस ने काफी दूर बाद अस्पताल चौराहे पर कार सवारों को पकड लिया। यह सारी घटना मोबाइल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी आरोप है कि कार सवार चालक गाडी को बडी तेजी व लापरवाही से दौडा रहा था जिसके बाद वायरलेस सेट पर भी इसकी सूचना प्रसारित कर दी गई थी। हिरासत में लिए गए युवकों की पहचान पुष्कर चौधरी पुत्र कपिल कुमार 21 वर्ष निवासी ग्राम साडियापुर थाना कोतवाली बिजनौर, तरूण चौधरी पुत्र गजेन्द्र चौधरी निवासी ग्राम सवाहेडी बिजनौर, प्रियांशु चौधरी पुत्र हुकुम सिंह निवासी बधावा थाना हलदौर बिजनौर व वंश चौधरी पुत्र अनुज निवासी ग्राम सवाहेडी कोतवाली शहर बिजनौर के रूप में की। शहर कोतवाल बबलू सिंह का कहना है कि पकडे गए युवक शहर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे और इसके बाद वह शहर में हुडदंग मचा रहे थे। आरोप यह भी है कि उक्त लोगों ने शराब का सेवन किया था। यह भी सुना गया कि गाडी को दौडाते समय चालक की साइड की खिडकी का शीशा भी टूट गया था जहां पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर टूटे हुए शीशे अपने कब्जे में कर लिए है।

उधर भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने अपनी पूरी तरह सफाई दी है। उन्होने बताया कि पकडे गए आरोपियों से भारतीय किसान यूनियन से कोई संबंध नहीं है और उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई पदाधिकारी व कार्यकर्ता गाडी पर झण्डा लगाकर और टोपी ओढकर कोई भी गलत कार्य करता है तो उसका कोई भाकियू से कोई संबंध नहीं रहेगा और उसके खिलाफ कार्यवाही कराइ जाएगी और उन्होने बयान में यह भी कहा कि भाकियू अपने नाम का दुरूपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उधर पुलिस कार्यवाही से स्पष्ट हो गया कि कानून तोडने वालों के लिए बख्शीश का कोई खाना नहीं है।

कृषि विवि में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय में आयोजित की जा रही वार्षिक खेल. कूद प्रतियोगिताओ का शुक्रवार को समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.के. सिंह ने इस अवसर पर छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि खेल कूद से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें सुखद परिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। डॉ. सिंह ने छात्रो को आश्वा. सन दिया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को खेल कूद के लिए हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिससे विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलिट किरण बालियान ने छात्रों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि छात्रों को अपनी रुचि के किसी भी खेल में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए जिससे खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है एवमं अपने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया जा सकता है। आज के खेलों में पोस्ट हार्वेस्ट कालेज की टीम ने वॉलीबॉल, कबड्डी, 1500 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़को की 100 मीटर दौड़ में तकनीकी महाविद्यालय के छात्र निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एसपी ने किया सदर हवालात का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने कचहरी परिसर स्थित सदर हवालात का निरीक्षण किया।

उन्होने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को परखा और संबंधी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत कचहरी परिसर स्थित सदर हवालात पहुंचे और उन्होने निरीक्षण करते हुए यहां की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति, साफ-सफाई व रिकॉर्ड मैनटेन तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सतर्कता का अवलोकन किया। एसपी सिटी ने यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, कंट्रोल मॉनिटरिंग की स्थिति को भी परखा। उन्होने प्रवेश व निकाश बिन्दुओं पर भी सुरक्षा तैनाती का जायजा लिया। एसपी सिटी ने हवालात की ग्रिल, लॉकअप गेट, बैरिकेडिंग की गंभीरता से जांच पडताल की और यहां मौजूद पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कुतुबशाह जमालुद्दीन की याद में लगने वाले मेले में पड़ी रार

अपशब्द कहने के विरोध में कमेटी के पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। कस्बे में कुतुब शाह जमालुद्दीन की याद में लगने वाले ऐतिहासिक मेला उर्स की कमेटी में विवाद खड़ा हो गया है। कमेटी के कुछ मेंबरो द्वारा ओहदारों को अपशब्द कहने पर कमेटी के पदाधिकारी ने इस्तीफा दे दिया।

जानकारी के मुताबिक हाल ही में मेला उर्स का आयोजन होना है बुधवार देर रात कुतुब शाह के दरबार में रोशनी का आयोजन किया गया था। बताया गया कि मिला उर्स कमेटी के सदर व पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को मेले के लिए दुकानों का आवंटन किया जाना था। लेकिन कुछ मेंबरों ने कमेटी के पदाधिकारी मेंबरों को अपशब्द कहने लगे। कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारियों का कहना है कि कुछ मेंबरान कमेटी में झगड़ा करने के मूड में है तथा गाली गलौज अब शब्द कहते हुए झगड़े व फोजदारी पर उतारू है। पदाधिकारी द्वारा झगड़ा विवाद खड़ा न हो इसी को लेकर मेले के पद अधिकारी व मेंबरों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मेला सदर नवाब सैफी ने कहा कि किसी भी पदाधिकारी या सदस्य के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस कृत्य से सभी सरपरस्तों को अवगत किया गया। सभी सरपरस्तों व मेला सदर ने एक राय होकर दोनों सदस्यों को मेला कमेटी से बाहर करने का निर्णय लिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

घटना की जानकारी के बाद विचार करते सदस्य।

नथिंग ने भारत में फोन थ्रीए लाइट को 19,999 की कीमत में किया लॉन्च

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने भारत में फोन थ्रीए लाइट लॉन्च किया है। जिसमें क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ नया ब्लू कलर वेरिएंट भी शामिल है। यह डिवाइस नथिंग के सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिजाइन, 6.77-इंच एमोल्ड डिस्प्ले, 50 एमपी मेन कैमरा ट्रू लेंस इंजन 4.0, मीडिया टेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो. चिपसेट और 5000 एमएएच बैटरी के साथ आता है। फोन की कीमत 20,999 से शुरू होती है, जो बैंक ऑफर के बाद 8GB, 128GB वेरिएंट के लिए 19,999 हो जाती है। फोन (थ्रीए) लाइट की बिक्री 5 दिसंबर 2025 से फ्लिपकार्ट विजय सेल्स, क्रोमा और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। फोन थ्रीए लाइट ट्रांसपेरेंट डिजाइन को आगे बढ़ाते हुए IP54 रेटिंग, एल्युमिनियम इंटरनल फ्रेम और एक परिकृत हल्के वजन वाले बिल्ड के साथ आता है। इसमें 6.77 इंच की फ्लेक्सिबल एमोल्ड डिस्प्ले दी गई है।

भारत ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता में ऐतिहासिक शुरुआत की

मेरठ। भारत ने एशियाई कौशल स्टेज पर पूरे गर्व के साथ अपनी यात्रा शुरू की। जब भारतीय दल वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए चाइनीज ताइपे पहुंचा। भारत पहली बार एशिया वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2025 में शामिल हो रहा है। भारत को 23 प्रतियोगियों और 21 एक्सपर्ट की टीम प्रतिनिधित्व कर रही है।



गन्ना क्रय केन्द्र पर घटतौली से परेशान किसानों का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

चरथावल। ब्लाक क्षेत्र स्थित ग्राम कच्छौली के गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों ने घटतौली का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने मौके पर घटतौली पकड़े जाने का दावा किया और मिल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।

इस घटना के बाद किसानों ने क्रय केंद्र पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलने पर किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश पुंडीर के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ धरने में शामिल हो गए।

घटतौली से नाराज किसानों का धरना कांटे को जीरो परसेंट पर चलाने के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। किसान मजदूर संगठन के सदस्यों ने केन हेड अरविंद को भविष्य में किसानों को घटतौली से परेशान न करने की कड़ी हिदायत दी।

पूर्व प्रधान के निधन से मोरना में शोक की लहर

मोरना। मोरना मे पूर्व प्रधान रहे फूल सिंह का लम्बी बीमारी के बाद 90 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। पूर्व प्रधान के निधन से गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी है। गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोरना मे पूर्व प्रधान फूलसिंह के निधन पर गणमान्यों ने शोक व्यक्त किया है। जिला पंचायत सदस्य संजय रवि ने जानकारी देकर बताया की पूर्व प्रधान फूल सिंह काफी समय से बीमार चल रहे थे। व पूर्व मे 13 वर्ष मोरना के ग्राम प्रधान रहे तथा उनके पिता स्वगह्रय पलटू सिंह भी 16 वर्षों तक मोरना के ग्राम प्रधान रहे। पिता व पुत्र ने लम्बे समय तक सामाजिक सेवा की है। संजय रवि ने स्वर्गीय फूलसिंह प्रधान का अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह शुक्रताल शमशान घाट पर किया जायेगा।

पूर्व प्रधान के निधन पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा नेता अमित राठी,रियासत प्रधान, शहज़ाद प्रधान, हरीगोपाल माहेश्वरी, महकसिंह प्रधान,नाहर प्रधान, मनववर जैदी,मंडल अध्यक्ष अरुण पाल,मिन्टू प्रधान, डॉ. अमित ठाकरान, राजू अशफाक,पंकज माहेश्वरी, साधुराम प्रधान,कमल वाल्मीकि, हातिम अंसारी, संजीव मोंटी, इसतखार अंसारी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

विनोद मलिक की कंपनी वीकेएम ही वसूल करेगी छपार टोल पर टोल वसूली

शाह टाइम्स संवाददाता

छपार। हाईकोर्ट ने पूर्व टोल ठेकेदार के पक्ष में निर्णय दे दिया।उसने टोल पर अपना कब्जा कर फिर विवादित टोल कर्मियों को हटा दिया उन्होंने हंगामा काटा जिस पर पुलिस फोर्स व एनएचएआई के अधिकारी मौके पर पहुंचे ओर टोल ठेकेदार से बात कर हटाये गये कर्मियों को तीन दिसंबर तक का समय दिया है।इस दौरान एक कर्मचारी ने टावर चढ़ने का प्रयास किया एक महिला कमह्र ने छत पर आत्महत्या करने के लिए चढ़नें की कोशिश की लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया।

छपार में हाइवे पर टोल का ठेका बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख बिनोद मलिक को 10 जुलाई से छुटा हुआ था।उसकी कम्पनी वीकेएम टोल वसूली कर रही थी। अचानक ही टोल पर 20 सितंबर की रात्रि में कुछ बदमाशों ने उप प्रबंधक अरविंद पांडेय की अपहरण के बाद हत्या कर दी जिसका शव जनपद मेरठ के थाना जानी क्षेत्र में लहुलुहान हालत में मिला था। अगले दिन टोल ठेकेदार बिनोद मलिक अपने समर्थकों के साथ टोल पर पहुंचे थे ओर उपप्रबंधक के हत्यारों की शीघ्र गिर"तारी व टोल कर्मियों की सुरक्षा को लेकर टोल फी कर धरना दिया। कुछ देर बाद ही टोल के लोकल कर्मियों ने बिनोद मलिक पर आधा वेतन वापस मांगने के आरोप लगाये ओर त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में डेढ़ सप्ताह तक टोल पर धरना दिया। उस समय प्रशासन ने वीकेएम कम्पनी को ब्लैकलिस्ट कर साऊथ एशियन कम्पनी को टोल वसूली के आदेश किये थे। बिनोद मलिक हाईकोर्ट पहुंचे। पूर्व ठेकेदार को हाईकोर्ट ने बहाल कर दिया ओर शुक्रवार को उसने पहुंचकर टोल वसूली शुरू कर दी।जिन कर्मचारियों के साथ विवाद था उन्हे अपने ओरिजिनल कागजात तथा पुलिस वेरीफिकेशन के बाद ही उनका इंटरव्यू लेकर दोबारा जो इंटरव्यू में पास होगा उसी को रखा जएगा।

दभेडी व पट्टी में जगह जगह लगे गंदगी के ढेर

बुढ़ाना। ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी और गांव सफीपुर पट्टी चंधेडी रोड के पीछे स्थित बस्ती में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। आने जाने वालो को निकलने में और आसपास के घरों में रहने वालों का जीना दूभर सा हो गया है। काफी लोग यहां पर विभिन्न लोगों से बीमार हैं। आज शुक्रवार को प्रमुख समाजसेवी मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने सफीपुर पट्टी की चंधेडी रोड पर घूमकर लोगों से मुलाकात की तो दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बहुत कूड़ा पड़ा हुआ है।

इस ओर कोई भी सफाई कर्मचारी ध्यान नहीं देता। तब उन्होंने एसडीएम को इसकी शिकायत कर यहां के लोगों से भी आग्रह किया कि वे इस तरह से गंदगी ना फैलाएं। गंदगी फैलाने से बीमारियां फैलती हैं और बीमारी हम और आप में से किसी को भी चपेट में ले सकती है। इसलिए सफाई का ध्यान खुद भी रखना चाहिए। अगर हम अपने घरों के सामने सफाई खुद करेंगे तो गंदगी बिल्कुल नहीं होगी। इसलिए स्वच्छ रहें सुरक्षित रहें। गंदगी के ढेर देखकर लगता है कि जो स्वच्छता अभियान चला हुआ है भारत सरकार के द्वारा उसको भी पलीता लग रहा है। यहां इदरीश उस्मानी, कादिर मलिक, चांदू, उस्मान, नसीम, नौशाद व अहसान खान दर्जनों लोग मौजूद थे। इसके अलावा गांव रसूलपुर दभेडी में भी गंदगी का यही आलम है। जिसे लेकर रसूलपुर दभेडी के ग्रामीणों में यहां के जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारियों के प्रति भारी रोष बना है।

भारी जुर्मानों से तिलमिलाए किसान, दो दिन बाद एक्सईएन के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। रतनपुरी क्षेत्र में नए बिजली मीटरों की स्थापना को लेकर महीनों से ेपउउमत करता विवाद आखिरकार सड़क पर उतर आया था। किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में बुढ़ाना मार्ग स्थित एक्सईएन कार्यालय पर गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था, जिसे शुक्रवार देर शाम विभागीय आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया।

विवाद की चिंगारी तब भड़की जब कुछ माह पूर्व ग्रामीणों ने अपने घरों से सैकड़ों पुराने मीटर उखाड़कर एक्सईएन कार्यालय में डाल दिए थे। विभाग ने इसे सरकारी संपत्ति को नुकसान मानते हुए दर्जनों किसानों पर 50-60 हजार रुपये तक के भारी चालान जारी कर दिए। नोटिसों से नाराज किसानों का आरा. ेप था कि विभाग ने बिना किसी तकनीकी जांच के मनमजह्र से दंड थोप दिया, जिससे श्रमिक और गरीब परिवारों पर गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया।किसानों ने यह भी मुद्दा उठाया कि रतनपुरी क्षेत्र में करंट लगने से एक ग्रामीण की घोड़ी की मौत हो गई थी, जिसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी मुआवजे की कार्यवाही लंबित पड़ी है। दूसरी ओर एक्सईएन देवेंद्र कुमार का कहना है कि किसानों ने विरोध के चलते सैकड़ों मीटर उखाड़कर विभाग को लाखों का नुकसान पहुंचाया है, इसलिए नोटिस जारी करना अनिवार्य था। उन्होंने बताया कि घोड़ी की मौत से जुड़े मामले में रिपोर्ट भेज दी गई है और लगभग 30 हजार रुपये मुआवजे की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शुक्रवार को एक्सईएन देवेंद्र कुमार धरनास्थल पहुंचे और किसान नेताओं से संवाद किया, लेकिन किसान विभाग के चीफ और एसडीओ को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि प्रमुख मांगें स्थानीय एक्सईएन के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं, इसलिए उच्च अधिकारियों की मौजूदगी जरूरी है। वार्ता के बाद विभाग द्वारा सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त किया। धरने में अंकुश प्रधान, सचिन चौधरी, श्यामलाल चेयरमैन, राजवीर टिटोडा, अशोक घटायन, दीपांकर चौधरी, फुरकान, असद खान, परवेज प्रधान, मुजम्मिल, बिट्टू ठाकुर, विष्णु गिरी, शालू, जुल्फकार छोटा, सतेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

भगवंत कॉलेज में इंटरकॉलेजिएट चैम्पियनशिप का शानदार आयोजन

मीरापुर। भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.पी.एड. विद्यार्थियों ने दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सहारनपुर में आयोजित एम.एस.यू. इंटरकॉलेजिएट चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का परचम लहराया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार कौशल का प्रदर्शन कर खिलाड़ियों ने पदक जीतकर न सिर्फ कॉलेज का गौरव बढ़ाया, बल्कि इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयनित होकर एक नई उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में पवन ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि विपिन ने डिस्कस थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। कुमकुम ने 200 मीटर दौड़ में दमदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया और किशोर चौधरी ने भी अपने बेहतरीन खेल से कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन अब इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हो गया है, जो संस्थान के लिए गर्व की बात है। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान के विद्यार्थी लगातार अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित कर रहे हैं। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, सी.ए. दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य कुमार शर्मा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. कावेन्द्र यादव ने खिलाड़ियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। शिक्षकों तनुष देवल, दिव्य सिंह, कपिल शर्मा और डॉ. चित्रलेखा शर्मा ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एच. ओ.डी. डॉ. कावेन्द्र यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि खिलाड़ी इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाएँगे।

सेंट जेवियरर्स वर्ल्ड स्कूल में स्प्रिंट मेनिया एथलेटिक मीट का शानदार शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

मीरापुर। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में स्प्रिंट मेनिया एथलेटिक मीट 2025 का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि मितिलेश पाल, विधायक मीरापुर विधानसभा क्षेत्र, ने पारंपरिक मशाल प्रज्ज्वलन और शांति के प्रतीक कबूतरों को उड़ाकर इस वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक हैं।

इस भव्य एथलेटिक मीट में 15 से अधिक प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें एसएनवीपी मेरठ, सेंट जेवियर्स सरधना, जैन इंटरनेशनल हस्तिनापुर, ज्ञानस्थली स्कूल, वीएन पब्लिक स्कूल, किड्स केयर, ख्रष्णा पब्लिक स्कूल, बसंत शिक्षा सदन इंटर कालेज, श्रीराम पब्लिक स्कूल, नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल और एमडी इंटरनेशनल स्कूल प्रमुख रहे। छात्रों ने 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस, लांग जंप, हाई जंप, थ्रोबॉल, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन किया। मैदान लगातार तालियों, उत्साह और खिलाड़ियों की जुझारू भावना से गूंजता रहा। इस एथलेटिक मीट का रोमांचक फाइनल 29 नवंबर को आयोजित होगा, जिसमें विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों, अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह खेल महोत्सव बेहद यादगार और सफल बन सका।

मॉडिफाई साइलेंसर वाले वाहनों पर मीरांपुर पुलिस की कड़ी कार्रवाई

मीरापुर। पुलिस ने धुम्मा अड्डे पर दोपहिया वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें विशेष रूप से मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों को निशाने पर रखा गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दो बुलेट मोटरसाइकिलों का चालान किया, जबकि एक बुलेट को नियम विरुद्ध साइलेंसर और दस्तावेजों की कमी के कारण सीज कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय वर्मा, एसपी देहात आदित्य वर्मा और सीओ जानसठ यतेंद्र सिंह नागर के निर्देश पर यह अभियान चलाया। मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसएसआई महेंद्र सिंह, एसआई वीरेंद्र सिंह और मीरापुर कस्बा चौकी इंचार्ज ओमेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस दल ने धुम्मा अड्डे पर दोपहिया चालकों के आवश्यक दस्तावेजों, हेलमेट और वाहन की तकनीकी स्थिति की जांच की। मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को मौके पर ही सख्त चेतावनी दी गई और नियमों को बार-बार तोड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की बात भी कही गई। इस अभियान से धुम्मा अड्डे और आसपास के क्षेत्रों में दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस का यह प्रयास सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण रोकने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी हर हाल में जनप्रतिनिधियों को दें: मलिक

मुजफ्फरनगर। सांसद हरेंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति द्धदिशाऋ की बैठक विकास भवन के सभागार में आयोजित हुई।

सांसद हरेन्द्र मलिक को मुख्य विकास अधिकारी ने विगत हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाइयों से अवगत कराया गया।

बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न याजनाओ के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में माननीय सांसद ने कहा कि समस्त विभाग अपने लक्ष्यों को समय से पूरा करें तथा बैठक में दिये गये निर्देशो को शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अन्तिम व्यक्ति तक पहुँचाने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जो भी विकास से संबंधित कार्य किए जाएं, उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहां की यदि कहीं पर कोई किसी प्रकार की दिक्कत आ रही हो उसके बारे में भी अवश्य बताएं जिससे उसक. ासमय से निस्तारण किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो पत्राचार किया है, उसका समय से अवगत कराया जाए तथा जनप्रति. निधियों द्वारा किसी भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन किया जाए तो उसे रिसीव किया जाए। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिए गांव में सर्वे कराया जाए सर्वे के अनुसार कैंप लगाकर दिव्यांग उपकरण वितरण किया उससे पहले सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिए किसानों के हित के लिए समय से बीज तथा खाद उपलब्ध रहें, इसकी पहले से मांग कर ली जाए। बीज भंडार द्वारा बीज प्रमाणित बेचा जा रहा है,उसको चेक कराया जाए। उन्होंने मंडी समिति की खराब सड़कों के संबंध में निर्देश दिए प्रस्ताव बनातेहुए जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनको ठीक कराया जाए। उन्होंने मंडी समिति की खराब सड़कों के संबंध में निर्देश दिए सड़कों को ठीक कराया जाए। उन्होंने हर घर जल योजना शहरी एवं ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे कार्य के बाद सड़को ऐसे छोड़ दिया गया उनको चेक कराते हुए उनको ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि एक गांव शोरम है, उसको भी आदर्श गांव में लिया जाए।उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए डॉक्टर के द्वारा गांव में मुंह पका एवं खुर पका चेक कराया जाए। विधायक मीरापुर ने कहा की ग्राम कैलाशपुरी जीवनपुरी में अंडरपास की आवश्यकता है, जिसको दिखाने के निर्देश नेशनल हाईवे को दिए गए। बैठक में उन्होने कहा कि समस्त विभाग अपने लक्ष्यों को समय से पूरा करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, माननीय विधायक मीरापुर श्रीमती मिथिलेश पाल, विधायक बुढ़ाना राजपाल सिंह बालियान,जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण जिला विकास अधिकारी दिग्विजय सिंह, सहित सभी सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

आईआईएम टी ब्लू अकेडमी मेरठ ने शहीद सलमानी सलमानी अकेडमी को 50 रनों से दी मात

खतौली। जूनियर क्रिकेट लीग जेसीएल के तहत खेले गए रोमांचक मुकाबले में आई आई एम टी ब्लू अकेडमी मेरठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद सलमानी सलमानी अकेडमी को 50 रनों से हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की। मैच में आईएमटी की बल्लेबाजी और गेंदबाज़ी दोनों ही विभागों ने प्रभावित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आई आई एम टी ब्लू अकेडमी मेरठ ने निर्धारित 35 ओवर में 227/3 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज शुभांकर ने शुरुआत से ही संभलकर खेलते हुए नाबाद 87 रन 106 गेंद, 13 चौके, 1 छक्का की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी के साथ ही उनके 200 करियर चौके भी पूरे हुए। अन्वी ने 64 गेंदों में 46 रन, जबकि कप्तान आदित्य त्यागी ने मात्र 13 गेंदों में 22 रन ठोककर रनगति तेज की। गेंदबाज़ी में ढीलेपन का परिचय देते हुए टीम ने 58 एक्सट्रा रन, जिसमें 45 वाइड शामिल रहे, योगदान में दिए। जवाब में शहीद सलमानी सलमानी अकेडमी की शुरुआत लड़खड़ाती रही।

25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य संरक्षण का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर, डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा जनपद स्तर पर जागरूकता एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान को तेज गति से संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 2011 के आर्थिक, सामाजिक एवं जातीय (एसईसीसी) सर्वेक्षण में चिन्हित पात्र परिवार, अंत्योदय राशन कार्ड धारक, भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत चयनित श्रमिक, तथा ऐसे पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक जिनके परिवार में छह अथवा छह से अधिक सदस्य हैंकृसभी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के पात्र हैं।

साथ ही 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक भी बिना किसी दिक्कत के इस योजना के अंतर्गत अपना कार्ड बनवा सकते हैं।डॉ. सुनील तेवतिया ने जनपदवासियों को अवगत कराया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा जिला चिकित्सालय, सभी ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आयुष्मान मित्रों, प्रत्येक पंचायत भवन में पंचायत सहायक, तथा जन सेवा केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध है। लाभार्थी स्वयं भी ऑनलाइन अपना कार्ड बना सकते हैं।

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक जनपद में आयुष्मान भारत योजना का विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में छूटे हुए सभी पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक परिवार निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। सभी चिकित्सा इकाइयों को इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर सफलतापूर्वक संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने जनपदवासियों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति योजना की पात्रता में आते हों, वे निर्धारित स्थानों पर जाकर शीघ्र अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएँ और स्वास्थ्य सुरक्षा कवच का लाभ उठाएँ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अगर किसी को कोई समस्या है तो जिला शिकायत निवारण अधिक. ारी श्री शौजब जैदी मोबाइल नं 7909900865 से संपर्क करें।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक-सी.एम.ओ. / जैम बिड/कॉन्करेंट ऑडिट/2025/ दिनांक

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत जिला स्वास्थ्य समिति मुजफ्फरनगर द्वारा कॉन्करेंट ऑडिट वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 हेतु जैम बिड **Online (https://gem.gov.in) Gem Bid Number: GEM/2025/B/6906098** प्रका. शित की गयी है। जिसकी समयावधि दिनांक 18.11.2025 साय: 06:00 बजे से दिनांक 03.12.2025 साय: 06:00 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

(डा. सुनील तेवतिया)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुजफ्फरनगर।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर

संख्या: 202/आबकारी/विविध/2025-26/मु0नगर दिनांक: 28/11/25

अपील

जनसाधारण को सूचित किया गया है कि कुछ असामाजिक/अराजक तत्त्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डो से विक्रय किया जा सकता है, अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।

अवैध शराब पीनें से बचें। अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किये जाने, अवैध मदिरा के निर्माण या बिक्री एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी उसकी सूचना निम्न दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ **आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाटसएप नम्बर 9454466019** पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 1, सदर, मु.नगर।	9454466456
2-आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, खतौली, मु.नगर।	9454466458
3- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 जानसठ, मु.नगर।	9454466838
4- आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, बुढाना, मु.नगर।	9454466526

(राकेश बहादुर सिह)
जिला आबकारी अधिकारी,
मुजफ्फरनगर।

खोया सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने स्वामी विवेकानन्द सुभारती यूनिवर्सिटी से वर्ष 2017 में बैचलर ऑफ साईंस (पी.सी.एम.) की डिग्री प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी। जिसका सीरियल नम्बर-9177 तथा एनरोलमेंट नम्बर- A1420506106 है। इसका माईग्रेशन सर्टिफिकेट वास्तव में कही खो गया है।

राधा पुत्री संजय पत्नी सन्दीप राठी
निवासी लुहसाना
जिला-मुजफ्फरनगर-251309

नाम परिवर्तन सूचना

मेरा सही नाम सलमान मुजफ्फर SALMAN MUZAFFAR है और गलती से मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रिजवान सलमान RIZWAN SALMAN अंकित हो गया था, जबकि मेरा सही नाम सलमान मुजफ्फर SALMAN MUZAFFAR है। भविष्य मे मुझे सलमान मुजफ्फर SALMAN MUZAFFAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सलमान मुजफ्फर पुत्र
रिजवान मुजफ्फर
निवासी-15, खामपुर खुड्डा,
थाना छपार
जिला मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम गजाला GAJALA था फिर मैने अपना नाम साईमा मुजफ्फर SAIMA MUZAFFAR रख लिया था अब मैने अपना नाम वापस गजाला मुजफ्फर GAJALA MUZAFFAR ही रख लिया है मुझे अब गजाला मुजफ्फर GAJALA MUZAFFAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

गजाला मुजफ्फर
पत्नी रिजवान मुजफ्फर
निवासी-15, खामपुर खुड्डा,
थाना छपार
जिला मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनीष कुमार व उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है और मेरा पुत्र और पुत्रवधु शादी के पश्चात् से ही मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ गाली-गलौच कर दुव्यर्वहार करते हैं जिससे मुझे व मेरे परिवार वालों को समाज में अपमानित होना पड रहा है जिस कारण मैंने अपने पुत्र मनीष व उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और भविष्य में मेरा व मेरे परिवार के लोगों का मनीष कुमार व इसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी के साथ कोई सम्बन्ध नहीं रहा है।

श्यामी उर्फ श्याम लाल
पुत्र स्व. छोटन निवासी-
ग्राम बघरा थाना तितावी
तहसील सदर
जिला-मुजफ्फरनगर।

समन न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त स्थायी न्यायालय (सदर) महोदय मुजफ्फरनगर। विविध वाद सं सन 2025 मूल वाद सं0 9595 सन् 2024 विनीत कुमार आदि बनाम अभिषेक आदि 1.विनीत कुमार 2 विजय कुमार पुत्रगण बिजेन्द्रपाल निवासीगण ग्राम मखियाली परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। बनाम 1. अभिषेक 2-अनुज पुत्रगण स्व. विरेन्द्र 3 संतोष पत्नी स्व. विरेन्द्र 4-पंकज राज 5.कमल राज 6. राहुल तोमर पुत्रगण राजेन्द्र सिंह तोमर 7-कुसुम पत्नी राजेन्द्र सिंह तोमर 8-ग्राम पंचायत मखियाली परगना व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान मखियाली। .....प्रतिवादीगण

मौजा- मखियाली

धारा-116 उ0प्र0 राजस्व संहिता प्रार्थना पत्र वास्ते प्रकाशन हेतू श्रीमान जी

एतएव यह सूचना दी जाती है कि वादीगण द्वारा इस न्यायालय में एक वाद वास्ते नम्बर साबिक प्रार्थना पत्र व धारा 116 उ0प्र0 राजस्व संहिता के तहत प्रतिवादीगण के विरूद्ध दायर किया गया है जिसमे वादीगण ओर से प्रार्थना पत्र पर सुनवाई इस न्यायालय मे दिनाक 04.12.2025 को नियत की जाती है कि जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र पर आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक तक आपत्ति दाखिल करे और न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो उसके उपरान्त किसी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी और उपरोक्त वाद में आदेश पारित कर लिया जायेगा आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी किये गए।

आज्ञा से मुंसरिम
अतिरिक्त स्थायी न्यायालय मुजफ्फरनगर

फतेहपुर में छुट्टी न मिलने पर लेखपाल की मौत से खतौली के लेखपालों में उबाल

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। शुक्रवार को तहसील खतौली परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर बड़ी संख्या में लेखपालों ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए अपनी पांच सूत्रीय मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

धरने में मौजूद लेखपालों ने फतेहपुर में 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के लिए अधिकारियों की संवेदनहीनता और दबावपूर्ण कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराया। लेखपालों का कहना है कि सुधीर कुमार ने अपनी 6 नवंबर 2025 को होने वाली शादी के लिए कई दिनों तक छुट्टी की गुहार लगाई, लेकिन एसआईआर डड्यूटी के नाम पर छुट्टी नहीं दी गई।

निलंबन और दबाव ने छीनी जान, घर में मातम

लेखपालों ने बताया कि 22 नवंबर को एसआईआर बैठक में अनुपस्थित रहने पर ईआरओ संजय कुमार सक्सेना द्वारा उनका निलंबन करा दिया गया। 25 नवंबर की सुबह डिप्टी कलेक्टर और राजस्व टीम उनके घर पहुंची और निल. बन के बाद अब सेवा समाप्ति तक की धमकी दी गई। परिजनों के अनुसार, लगातार दबाव, प्रताड़ना और शादी की तैयारियों के तनाव में पहले से ही अवसादग्रस्त चल रहे सुधीर ने यह सब सहन न कर पाने के कारण आत्मघाती कदम उठा लिया। लेखपालों ने घटना को ष्आत्महत्या नहीं, संवेदनहीन अधिकारियों द्वारा की गई प्रताड़ना से उत्पन्न हत्याष बताया। धरने में यह भी आरोप लगाया गया कि परिजनों और लेखपालों के लगातार अनुरोध के बावजूद 30 घंटे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। 26 नवंबर को प्रशासन द्वारा कथित दबाव में परिजनों की तहरीर बदलवाकर एफआईआर दर्ज करवाई गई, जिसमें मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम शामिल नहीं किया गया और सिर्फ राजस्व निरीक्षक को

नामजद कर दिया गया। लेखपाल संघ ने इसे हमामले को कमजोर करने की साजिशह बताया है। लेखपाल संघ की मुख्य मांगो में पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम एफआईआर में अज्ञात के साथ जोड़कर दर्ज किया जाए। मृतक लेखपाल के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। एसआईआर की अंतिम तिथि आगे बढ़ाई जाए तथा अव्यवहा. रिक दबाव रोका जाए। लेखपालों के साथ संवेदनशील व्यवहार और नियमित संवाद हेतु निर्देश जारी किए जाएं। इसके अलावा, लेखपालों ने मांग की कि चुनाव व मतदाता पुनरीक्षण के दौरान लगने वाली अतिरिक्त डड्यूटी का मानदेय उन्हें एक माह के वेतन के बराबर दिया जाए। लेखपाल संघ द्वारा एसडीएम निकिता शर्मा को दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरना स्थल पर संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सहित तहसील अध्यक्ष अनिरुद्ध, जिलामंत्री सियानन्द, सोनित तोमर, रवि सैनी, शालिनी, कमल किशोर, मोहित, आशीष, विपिन मोतला, सोनी गौतम समेत दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।??,

खेत में पानी देने गए दो युवकों पर चाचा ने किया हमला

छपार। अपने खेत में पानी देने गये दो सगे भाईयों को उनके चाचा व उसके पुत्रों ने धारदार हथियारों से पीटकर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों की विधवा मां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

गांव कासमपुर निवासी दो सगे भाई अम्मान व अम्मार बृहस्पतिवार की शाम को अपनी मां त"यबा के साथ खेत में पानी देने गये थे उसी वक्त उनका चाचा कुदरत अली अपने पुत्र अजहर पाशा व दो युवकों के साथ पहुंचा और पहले अम्मान को पकड़कर चकरोड में ले गये ओर कुदरत अली ने धारदार हथियार फनर से उसके सिर में कई वार किये जिससे वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा उसके बाद अम्मार के सिर में वार किये।

घायलों की मां ने अपने तीसरे पुत्र नोमान को फोन से सूचना दी उसको आता देखकर हमलावर भाग गये। नोमान ने डायल 112 व 108 को बुलाया और दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। शुक्रवार को तय्यबा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

कुत्ते के ऊपर पानी फेंकने पर हुआ विवाद

भोपा। दरवाज़े के बाहर गंदगी कर रहे पालतू कुत्ते के उपर पानी डालने से गुस्साए आरोपियों ने ग्रामीण के साथ गाली गलौज कर दबँगता दिखाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा निवासी राहुल ने बताया की गांव के ही व्यक्ति दबंग प्रवर्ती के हैं आएदिन अकारण गाली गलौज करते रहते हैं तथा दरवाजो मे लाठी डंडे मारते रहते हैं। आरोपियों ने लैबरा प्रजाति का कुत्ता पाल रखा है।जो भोंकता रहता है। व गली मे गंदगी करता है। राहुल ने बताया की बीते मंगलवार को कुत्ता उसके घर के दरवाजे के सामने गंदगी कर रहा था।यह देखकर उसने मकान की छत से कुत्ते के उपर पानी फेंक दिया। जिसपर कुत्ता वहां से भाग गया।तभी गांव के ही तीन व्यक्तियों ने घर पर लाठी डंडे लेकर और गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा पानी की सप्लाई का पाइप तोड़ दिया। पुलिस ने मामले मे आरोपी मनीराम, प्रदीप, प्रवेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नाबालिग को बहका कर ले जाने का आरोप

भोपा। क्षेत्र के गांव से नाबालिग युवती अचानक गायब हो गई परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार को उसकी पोत्री घर पर अकेली थी पुत्रवधू छत पर सागध काट रही थी पुत्र काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था तथा वह बाजार में सामान लेने गया था जब वह बाजार से वापस आया तो पुत्रवधू ने बताया कि बेटी घर पर नहीं है कोई बहका फुसलाकर ले गया है।दादा ने पोत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पूर्व विधायक ने वार रुम का किया उद्घाटन

बुढ़ाना। तहसील बुढ़ाना के सामने स्थित एक स्थान पर आज शुक्रवार के दिन एक वार रूम का उद्घाटन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से इसका आधिकारिक शुभारंभ किया। यह वार रूम मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और समावेशी बनाने के लिए स्थापित किया गया है। इसका मुख्य कार्य एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखना है। यह केंद्र बूथ लेवल अधिकारियों और उच्च अधिका. रियों के बीच त्वरित और प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करेगा। इसका लक्ष्य फील्ड से आने वाली किसी भी समस्या या चुनौती का तुरंत समाधान करना है ताकि कार्य में कोई रुकावट न आए। वार रूम का विशेष ध्यान मतदाता सूची के हर एक नाम और विवरण की उच्चतम सटीकता सुनिश्चित करने पर रहेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर वैध मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और कोई भी अयोग्य प्रविष्टि न हो जिससे एक पारदशह और मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सके। एसआईआर से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस वार रूम के माध्यम से अपनी डड्यूटी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाएं।

भाजपा क्षेत्रीय मंत्री ने एसआईआर प्रक्रिया की ली जानकारी

बुढ़ाना। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री और जिला मुजफ्फरनगर प्रवासी इंद्रपाल बजरंगी आज शुक्रवार के दिन कस्बा बुढ़ाना में पहुंचे। जहां पर वे सबसे पहले कांधला रोड पर स्थित एसीआर अभियान को सफल बनाने के लिए वार रूम में पहुंचे और अभियान की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद वह बुढ़ाना कस्बे के बड़ा बाजार में स्थित बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद अजय संगल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। जहां पर सभासद अजय संगल ने क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी का फूल मालाओं से स्वागत किया। जिला प्रवासी इंद्रपाल बजरंगी ने बूथों पर कार्य कर रहे बीएलओ से एसआईआर की प्रकिया की जानकारी प्राप्त की और कहा कि जो भी समस्या आए उसे मौके पर निस्तारित किया जाए और एक भी मतदाता जिसका फार्म आया हुआ है वो बिना जमा कराए ना रहे ये जिम्मेदारी सभी की है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना भाजपा मंडल महामंत्री और बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, नगर पंचायत सभासद अजय संगल, भाजपा मंडल सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, रूपेश पंवार, पूर्व नामित सभासद प्रताप वर्मा, आकाश संगल, चिराग संगल, वंश संगल और बीएलओ उपस्थित रहे।

अर्बन बुढ़ाना का हुआ कायाकल्प अवलोकन

बुढ़ाना। भारत सरकार के द्वारा कई सालों से चलाई जा रही काया कल्प योजना के अंतर्गत आज शुक्रवार के दिन फिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना का अवलोकन संबंधित अधिकारियों के द्वारा किया गया। जिसमें सहारनपुर मंडल से अपनी टीम के साथ आए प्रोग्राम एडमिन क्वालिटी एश्योरेंस राज कुमार और सचिन कपिल जिला मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता सहारनपुर द्वारा संयुक्त रूप से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना का आकस्मिक भ्रमण किया गया। जिसमें सभी कुछ सही पाया गया। इस दौरान यहां पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप ने दोनों अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर आने वाले सभी मरीजों को दी जा रही सुविधा और समस्त स्टाफ के बारे में पूरी जानकारी दी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से अन्य स्वास्थ्यकर्मियों में स्टाफ में पारसमणी शर्मा, पुनीत राठी, सोनम और बिट्टू सहित आदि स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।

जानलेवा हमले मे दंपती को किया घायल

मोरना। बेहड़ा सादात गांव में दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। जिसमें बीच-बचाव कराने पहुंचे दंपती पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया। गंभीर हालत में व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी महताब ने बताया कि उसके भाई शहजाद की ससुराल कस्बा भोकरहेड़ी मे है जहां निवासी युवती शुमायला की शादी करीब सात वर्ष पूर्व बेहड़ा सादात में हुई थी। आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग कर शुमायला को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।गुरुवार को एक बार फिर आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर शुमायला के साथ मारपीट शुरू कर दी। जानकारी होने पर शहजाद और उसकी पत्नी शुमायला के ससुराल पहुंचे।जहां दोनों को देखते ही आरोपियों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

पुलिस ने घायल दंपती को उपचार के लिए भोपा सीएचसी भेजा। शहजाद को गंभीर हालत मे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

बाइक चोरों का आतंक, दिनदहाड़े बाइक चोरी

चरथावल। कस्बे में एक कारखाने के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद भी बाइक न मिलने पर चरथावल थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चरथावल निवासी फुरकान पुत्र अब्दुल वहाब ने अपनी शिकायत में बताया कि वह दोपहर के समय अपने कारखाने में काम कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी हीरो कंपनी की एचएफ डीलक्स बाइक चुरा ली।

फुरकान ने बताया कि बाइक चोरी होने के बाद उसने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद उसने थाना चरथावल में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि उन्हें बाइक चोरी की सूचना मिली है और घटना का पता लगाया जा रहा है।

गन्ने के नीचे छिपा कर रेत ले जाने वाले पर हुई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। गंगा के रेत को गन्ने के नीचे छिपा कर ले जा रहे किसान पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए टैक्टर ट्रॉली को सीज कर मुकदमा दर्ज किया है।वहीं घटना पर किसान संगठन ने रोष प्रकट किया है।

मोरना वन रेंज के शुकतीर्थ मे तैनात वन दरोगा अमित पुंडीर ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा गंगा से रेत का खनन करने पर पाबंदी लगाई हुई है इसके बावजूद भी रेत का खनन करने वाले बाज नहीं आ रहे है जिसके लिए वह नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। जिस पर वन विभाग की टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया हुआ है गुरुवार की देर रात सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रैक्टर ट्राली में गन्ने के नीचे गंगा का रेत छिपा कर ले जा रहा है।मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की तो आरोपी ने ट्राली में गन्ने के नीचे रेत भरा हुआ था जिसे कब्जे में राहुल निवासी महाराज नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक् अध्यक्ष मेघेन्द्र सिंह बालियान ने रोष प्रकट करते हुए कहा की किसान व मजदूर अपनी ज़रूरत के लिए तेज ठंड के बीच जान जोखिम मे डालकर गंगा से रेत निकाल लेते हैं जो कोई अपराध नहीं है। यह किसान का शोषण जैसा है।

भाकियू तोमर ने प्रदर्शन कर आरटीओ को ज्ञापन सौंपा

मुजफ्फरनगर। भाकियु तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में किसानो की समस्याओं का एक ज्ञापन जनपद मुजफ्फरनगर के आरटीओ को सोपा गया। ज्ञापन में जनपद मुजफ्फरनगर की सड़कों पर सभी जगह रोड पर ओवरलोड वाहन दिन में ही धड़ल्ले से चल रहा है इन पर रोक लगाई जाए। जनपद मुजफ्फरनगर एआरटीओ ऑफिस में गाड़ियों की फिटनेस रजिस्ट्रेशन ड्राइविंग लाइसेंस आदि कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जो बिना सुविधा शुल्क के किया जा रहा हो इस और ध्यान दिया जाए जनपद मुजफ्फरनगर की सभी चीनी मिलों को नोटिस देकर अवगत कराया जाए की सभी चीनी मिलों के ट्रांसपोर्टर आरटीओ के मानक के अनुसार ही रोड पर गन्ना लोड करके मिल में ले जाएं जिससे जनहानि से बचा जा सके। तत्काल प्रभाव से आरटीओ ऑफिस पर जितने भी प्राइवेट एजेंट लोगों को ठगने का काम कर रहे है उनकी जांच कर उनको तत्काल रूप से हटाया जाए पूरे जिले भर में जो बच्चों की स्कूल में बिना फिटनेस और बिना कागजों के चल रही है उन सभी की फिटनेस चेक करके उनको रोड पर चलाया जाए जिससे बच्चों की जान के साथ कोई खिलवाड़ ना हो सके। थाना छपार के क्षेत्र में पड़ने वाले बरला बसेड़ा मार्ग पर खाईखेड़ी मिल के सारा दिन अत्यधिक मात्रा में ओवरलोड मिल के ट्रांसपोर्टर चलते हैं वहां पर टीम लगाकर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे क्षेत्र में हर वर्ष कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है उसमें राहत पाई जा सके। रोहना आईपीएल में रोहाना चौकी के सामने से ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रांसपोर्टर के वाहन गुजरते हैं जहां पास में ही बच्चों का इंटर कॉलेज पड़ता है जिसमें बच्चों की दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और पूर्व में भी कई जनहानि का सामना करना पड़ा है, बच्चों की सुरक्षा के लिए ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए

अगर 5 दिनों में सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आरटीओ ऑफिस पर भाकियु तोमर धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी पूर्णता जिम्मेदारी आरटीओ साहब वह मुजफ्फरनगर शासन प्रशासन की होगी इस मोके पर मुख्य रूप से पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर मंडल प्रवक्ता चंदन त्यागी मंडल उपाध्यक्ष साजिद अल्वी किसान मोर्चा सदर ब्लाक सलीम आदि मौजूद रहे ।

भोकरहेड़ी से गायब युवक का नहीं लगा सुराग

मोरना। बिजनौर जनपद के गांव ईनामपूरा निवासी निर्मल सिंह ने भोपा थाने पहुंचकर बताया की वह अपने परिवार सहित बेलडा गांव स्थित गन्ना कोल्हू की भट्टी मे ईंधन झोकने का कर्य करता है।बीते 24 नम्बर को वह अपनी पत्नी व 18 वर्षीय बेटे विशाल को दवाई दिलाने के लिए भोकरहेडी ले गये थे देर हो जाने की वजह से वह भोकरहेडी मे परिचित के गन्ना कोल्हू मे ठहर गये थे सुबह जागने पर उन्होंने देखा तो विशाल गायब मिला।आस-पास विशाल की तलाश की गयी। किन्तु उसका कोई पता नहीं चला।परिजनों ने बताया की विशाल मनोरोगी है उसका उपचार चल रहा है।

अच्छा कार्य करने पर बीएलओ मिंटो सम्मानित

बुढ़ाना। पूरे उत्तर प्रदेश में चल रहा एसआईआर का कार्य पूरे जोर पर है। इसी के बीच ग्राम परासौली की बीएलओ मिंटो देवी और गांव के जिम्मेदार साथी आसिफ राणा, मास्टर साजिद अंसारी, हाफिज मुस्तकीम और टीम के सभी साथियों के सहयोग से बूथ संख्या 40 का कार्य 100 प्रतिशत पूरा होने पर बीएलओ मिंटो देवी को एक साड़ी और 500 रूपये से और अन्य टीम के सभी साथियों को एक-एक पेन से बाबू अंसारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस बीच मिंटो देवी ने कहा कि मैंने अपने घर परिवार की परवाह किए बगैर 24 घंटे अपने काम पर ध्यान दिया। अपनी पूरी मेहनत और लगन से जो जिम्मेदारी मुझे दी गई थी उसे पूरा किया और सहयोग कर रहे सभी जिम्मेदार व्यक्तियों का धन्यवाद किया। सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से इकबाल अंसारी, शौकीन अंसारी, कासिम अंसारी, हुसैन राणा, जानू राणा और आटू राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

भाकियू योद्धा की बैठक सम्पन्न किसानों की समस्याओं पर किया मंथन

चरथावल। ग्राम कुटेसरा में भारतीय किसान यूनियन योद्धा (भाकियू योद्धा) की एक बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में किसानों की समस्याओं पर गहन मंथन किया गया और संगठन का विस्तार भी किया गया। चरथावल क्षेत्र के गांव कुटेसरा की सुलेमान पटी में हुई इस बैठक में कई दर्जन किसान और ग्रामीण मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी के पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।शाहबाज त्यागी ने भारतीय किसान यूनियन योद्धा की कार्यशैली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दर्जनों लोगों को संगठन की टोपी पहनाकर सदस्यता दिलाई, जिससे संगठन का आधार मजबूत हुआ। बैठक के दौरान सुफियान त्यागी को भारतीय किसान यूनियन योद्धा का युवा सदर तहसील सचिव नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मास्टर इरशाद ने सभी ग्रामवासियों की उपस्थिति में उन्हें टोपी पहनाकर यह पद सौंपा। सुफियान त्यागी ने इस अवसर पर भाकियू योद्धा के झंडे तले समाज सेवा करने का आह्वान किया।इस अवसर पर साजिद, खुर्शीद, इरफान, साजिद, सानू, समद सहित कई अन्य किसान योद्धा भी उपस्थित रहे।

अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स में चमका अभिषेक का दम

खतौली।श्री कुन्दकुन्द जैन ढ्डपी.जी.ऋ कॉलेज के छात्र अभिषेक कुमार ने माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सहारनपुर जनपद के सुन्दरपुर स्थित दून कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार, बी.ए. प्रथम वर्ष ने 10,000 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। अभिषेक के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयन भी हो गया है, जो उनके खेल कैरियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नीतू वशिष्ठ ने बताया कि अभिषेक कुमार ने कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि अंतर-महाविद्यालय स्तर पर मिली यह सफलता न केवल छात्र की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि महाविद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है।

भूड़ रजवाहा बार-बार टूटने से भड़का गुस्सा

खतौली। शुक्रवार देर रात भूड़ रजवाहा टूटने के बाद क्षेत्र में हंगामे जैसे हालात बन गए। जलभराव की समस्या से नाराज़ भाकियू नेता अंकुश प्रधान अचानक रजवाहे में कूद गए और पानी के बीच खड़े होकर सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे ग्रामीण कारण जानने लगे तो उन्होंने विभाग की गंभीर लापरवाही को जिम्मेदार बताया।अंकुश प्रधान ने कहा कि खतौली रजवाहा पिछले कुछ दिनों में 9 से 10 बार अलग-अलग स्थानों पर टूट चुका है, जिसके चलते रजवाहे का पानी पास की बस्ती में घुस गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे बस्तीवासियों में गहरा आक्रोश है।

ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार को फिर से रजवाहा टूटने पर कालोनी में पानी भर गया, जिससे राहगीरों और घरों में रहने वाले लोगों को बड़ी दिक्कत झेलनी पड़ी। भाकियू नेता ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें मजबूरन रजवाहे में उतरकर विरोध जताना पड़ा। गौरतलब है कि इससे पहले भी अंकुश प्रधान रजवाहे की सिल्ट हटाने को लेकर सुर्खियों में आ चुके हैं, जब उन्होंने सिंचाई विभाग के पतरोल को कीचड़ में दौड़ाकर हंगामा किया था। ग्रामीणों ने मांग की है कि सिंचाई विभाग तुरंत रजवाहे की मरम्मत कर स्थाई समाधान निकाले, ताकि बार-बार हो रही टूट-फूट से छुटकारा मिल सके। वही काफी देर तक राज भाई के ठंडे पानी में के बीच रहने से अंकुश प्रधान की हालत बिगड़ गई थी, इसके बाद कॉलोनी वासियो ने भी राजवाहे में कूद कर अंकुश प्रधान को राजवाहे से निकालने का प्रयास किया लेकिन अंकुश प्रधान ने रजवाहा ठीक ना होने तक पानी में ही रहने का ही चेतावनी दी। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन के खेमे में खलबली मची हुई थी।

कई बीएलओ कर रहें नेतागिरी जैसे वे किसी पार्टी विशेष के कार्यकर्ता हों

बुढ़ाना। भले ही शुरु के समय में बीएलओ एसआईआर फार्म की प्रक्रिया के दौरान सुस्त दिखाई पड़े हों लेकिन ज्यूं ज्यूं अंतिम तिथि नजदीक आती जा रही है त्यूं त्यूं बीएलओ भी अब खूब सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। इस बात को वोटरों के साथ उनकी सहानूभूति कह लो या फिर उच्च अधिकारियों का डर हालांकि अभी कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जो शुरु वाली चाल चलकर इस अभियान के तहत खासकर एक समुदाय के लोगों को परेशान कर रहे हैं जैसे वो किसी पार्टी के एजेंट या नेता हों। शिकायतें मिल रही हैं कि कोई बीएलओ आधे अधूरे फार्म भर रहा है तो कोई बीएलओ एक ही जगह फार्म देकर चला गया तो कोई फार्म में जान बूझकर उल्टी सीधी जानकारी भर रहा है जबकि बेचारे भोले भाले मतदाता ये सोचकर खुश हो रहे हैं कि उनके एसआईआर फार्म सही भरे जा रहे हैं मगर कुछ जगहों पर स्थिति इसके विपरीत है। उधर एक फोटो सोशल मीडिया पर जोरों शोरों से खूब वायरल हो रहा है। जिसमें राकेश रानी नाम की एक महिला बीएलओ देर रात को भी भयंकर सर्दी में मोबाइल की टार्च में डोर टू डोर घूमकर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भर रही है।

यह फोटो बीते बृहस्पतिवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 के मौहल्ला शाहवाडा धो. बियान में अजीज होटल वाली गली का है। जिसमें बीएलओ राकेश रानी ने सर्दी में रात 11 बजे तक वोटरों के बीच पहुंचकर उनके एसआईआर के सैंकडों फार्म भरे। जिसकी खूब प्रशंसा हो रही है।

गंग नहर मे कूदे युवक की तलाश जारी

भोपा। बीते सप्ताह निरगाजनी झाल पर नहर में कुदे युवक की तलाश जारी है। शुक्रवार को भी पीएससी गोताखोर टीम ने मोटर बोट की सहायता से सर्च अभियान चलाकर युवक की तलाश की।

छपार थाना क्षेत्र के गांव तेजलहेडा निवासी 24 वषह्रय शिवा पुत्र वीरसिंह जो शुगर मिल में मजदूरी करता था बीते रविवार की शाम भोपा थाना क्षेत्र के निरगा. जनी झाल पर अपनी साइकिल से पहुंचा और वहां पहले से मौजूद एक बुजुर्ग को मोबाइल थमा कर गंगनहर में छलांग लगा दी।मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर परिजनों को सूचना दी गयी। परिजनों ने साइकिल व मोबाइल शिवा का बताया।तभी से युवक की तलाश गंग नहर मे जारी है। शुक्रवार को भी पीएसी टीम ने मोटरबोट की सहायता से सर्च अभियान चलाया है।

एसडीएम ने वार्ड सभासदों के साथ की मीटिंग

बुढाना। उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने शुक्रवार के दिन बुढ़ाना नगर पंचायत के सभागार में एसआईआर को लेकर एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन और बुढ़ाना नगर पंचायत के सभी 17 वार्डों के सभासदों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने सभी सभासदों को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बताया जाता है कि एसडीएम अपूर्वा यादव लगातार बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों, कस्बों और वार्डों में पहुंचकर समस्त जनता को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर रही हैं। वे बार बार क्षेत्र व कस्बे की जनता से अपील करते हुए कहा रही हैं कि वे सभी जल्द से जल्द अपने फॉर्म भरकर जमा करें। गणना प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि आगामी 04 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिसमें चंद दिन ही शेष रह गये हैं। तहसील

क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारी भी घर घर जाकर एसआईआर प्रक्रिया के तहत सत्यापन कर रहे हैं और फॉर्म भरवा रहे हैं। एसडीएम अपूर्वा यादव ने वार्ड के सभी सभासदों से सीधा संवाद किया। उन्होंने उनकी शंकाओं का भी समाधान कियाष। उन्होंने यहां बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया के कार्यों का भी निरीक्षण हुआ। बैठक में ईओ आलोक रंजन, लिपिक सतीश पंवार, सभासद इमरान कुरैशी, बालू कुरैशी, सलीम कुरैशी, राशिद भूरु कुरैशी, योगेश प्रजापति, गुलफाम खान व अजीत आदि मौजूद रहे।

एतिहासिक होगी शुकतीर्थ में 7 दिसम्बर की सनातन धर्म संसद : रेशू

मुजफ्फरनगर। सनातन धर्म संसद सात दिसंबर को शुकतीर्थ में देश में पहली बार सनातन धर्म संसद हनुमत धाम, शुकतीर्थ में सात दिसंबर को होगी। जिसके लिए हिन्दु संघर्ष समिति युद्ध स्तर पर तैयारिया कर रही है। जिसे हर स्तर पर पूरे देश से समर्थन मिल रहा है।

रेशू विहार में हिन्दु संघर्ष समिति ने सत्यप्रकाश रेशू के निवास पर प्रेस को संबोधित किया। जिसमें बताया कि सात दिसंबर को सनातन धर्म संसद में भारत सरकार के राज पुरोहित डॉद्र सीतारमण रमा शास्त्री पूरे देश से महामण्डलेश्वर, पूज्य सन्त, विचारक, लेखक, कवि, पत्रकार, कार्यकर्ता, समाजसेवी, देश भक्त, उद्यमी, किसान, मजदूर आदि हर वर्ग से उपस्थित रहेगे। सनातन धर्म संसद का दीप प्रज्वलन, शंख वादन, मंत्रोच्चारण की साथ प्रात: 10 बजे रविवार को शुभारंभहोगा।

संत श्री चन्द्रमा ब्रह्मचारी ने कहा कि भारत देश अब हिन्दु राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। समाजसेवी देवराज पंवार ने बताया कि गांव-गांव जाकर सनातन धर्म संसद को सफल बनाने के लिए अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त किया जा रहा है। हिन्दु संघर्ष समिति के संयोजक नरेन्द्र पंवार ने कहा कि लगभग 38 हिन्दु संगठनो का समर्थन तन-मन-सनसाधनो से मिल रहा है। संरक्षक ललित मोहन शर्मा ने कहा कि एकता में शक्ति है। इसलिए सनातन धर्म संसद में बड़ी संख्या में पूरे देश से समर्थक पहुंचेगे। अमित गुप्ता ने बताया है कि देश को अराजकता से बचाना ही हम सबका धर्म है।अरूण प्रताप ने बताया कि देश को आतंकवाद से बचाकर चहुँमुखी विकास ही सनातन धर्म संसद का उददेश्य है। सत्यप्रकाश रेशू ने कहा कि बाहर से आने वालो के रहने, खाने, आने-जाने, सुरक्षा, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था युद्ध स्तर पर चल रही है। शासन प्रशासन को एलआईयू के माध्यम से जानकारी दे दी गई है। शीघ्र ही उच्च अधिकारियो को भी सम्पर्क किया जायेगा। रेशू ने यह भी कहा कि देश में घर वापसी, सबका साथ-सबका विकास, कौशल विकास,

झाड़ियों से मिला शिशु, दंपति ने मांगी पालने की अनुमति

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पीरखेड़ा निवासी एक दंपति कलक्ट्रेट पहुंचा और एसडीएम सदर अर्चना शर्मा से झाड़ियों में मिले एक शिशु को पालने की अनुमति देने की मांग की।

पीड़ित संजीव कुमार पुत्र स्व। सुखपाल ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 नवंबर की शाम करीब 5 बजे गांव निवासी प्रवीन पुत्र जसबीर उनके घर आया और एक नवजात शिशु थमाते हुए कहा कि यह बच्चा उसे झाड़ियों में मिला है, इसे संभाल लो। दंपति की कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने बच्चे को खुशी-खुशी रख लिया। संजीव का आरोप है कि दो

दिन बाद प्रवीन दोबारा उनके घर पहुंचा और बच्चे को वापस मांगने लगा। इससे दंपति में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। दंपति ने एसडीएम से मांग की है कि उन्हें शिशु को पालने की आधिकारिक अनुमति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी न हो और बच्चे का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली थी सूचना जिसके बाद विभाग द्वारा नवजात शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर। पेरेंट्स की खोजबीन शुरू कर दी है।

क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशों के तहत सत्र 2025-26 के लिए अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने बताया कि जिले में अंडर-14 ट्रायल आगामी 30 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल का आयोजन शामली क्रिकेट एकेडमी, करनाल रोड पर किया जाएगा। ट्रायल शाम 2 बजे शुरू होंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अपने रजिस्ट्रेशन फॉर्म की रसीद और आधार कार्ड साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। विनय कुमार ने बताया कि सभी पंजीकृत खिलाड़ी रविवार को शाम 3 बजे तक शामली क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर पहुंच जाएं ताकि ट्रायल प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवी अहसमाल तिमाली में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाल कैराना पर तहरीर देकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता के अनुसार उसका पति और बड़ा बेटा रोजगार के लिए घर से बाहर रहते हैं,वह अपनी दो बेटियों के साथ घर पर रहती है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक पिछले कई दिनों से उसकी 15 वर्षीय बेटी को गलत नजरों से देखता था और जब-तब घर के सामने घूमता था। पीड़िता का कहना है कि वह इस व्यवहार का लगातार विरोध कर रही थी, लेकिन युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। घटना 27 नवंबर की शाम करीब 4 बजे की है। पीड़िता किसी काम से बाहर थी तभी उसकी नाबालिग बेटी ने शोर मचाकर बताया कि उपरोक्त युवक उसे पकड़कर छेड़छाड़ कर रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी के परिजन मौके पर आ गए और महिला के साथ धक्का-मुक्की व अभद्रता की। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और कहा कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता के अनुसार उसकी बेटी को भी आरोपियों ने धमकाया और दबाव बनाकर चुप करवाने का प्रयास किया।पीड़िता ने कोतवाली पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बैंकेट हॉल से बाइक चोरी, तो किसानों के घर से उड़द की चोरी की घटना से दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। गंगोह मार्ग पर स्थित एक बैंकेट हाल के निकट से गंगारामपुर निवासी एक व्यक्ति की बाइक को बदमाशों ने चोरी कर लिया और फरार हो गए।घटना में पीड़ित ग्राम प्रधान बताया गया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।इसके अलावा दो किसानों ने पुलिस को घर से फसल चोरी का आरोप लगाया है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गंगोह मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट स्थित एक बैंकेट हॉल से बदमाशों ने गंगारामपुर के ग्राम प्रधान नंदू की बाइक को चोरी कर लिया और फरार हो गए।घटना से सनसनी फैल गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई।

सुपीरियर फूड ग्रेंस ने किया दस करोड़ का गन्ना भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को गत वर्ष का संपूर्ण गन्ना भुगतान कर दिया है चीनी मिल द्वारा बकाया करीब 10 करोड़ की धनराशि किसानों के खाते में भेज दी है। सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड ने गत वर्ष के पेराई सत्र में कल 303.76 करोड रूपए के गन्ने की खरीद की थी चीनी मिल द्वारा 25 नवंबर तक समस्त गन्ना बकाया भुगतान करने का वादा किया था शुक्रवार को चीनी मिल द्वारा गत वर्ष का बकाया 10.35 करोड़ रूपए गन्ना समितियां के खाते में भेज दिया जिसे किसानों के खाते में भेजा गया है चीनी मिल के मार्केटिंग हेड सत्यंद्र सिंह ने बताया कि चीनी मिल द्वारा गन्ना समिति ऊन को 7.02 तथा शामली समिति को 3. 13 करोड रूपए भेज दिए गए हैं जो किसानों के खाते में भी पहुंच गए हैं चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक कुलदीप पिलानिया ने बताया कि चीनी मिल द्वारा गत वर्ष के संपूर्ण बकाया भुगतान को कर दिया है। यूनिट हेड अवनीश चौधरी ने बताया कि गत वर्ष का संपूर्ण भुगतान करने के बाद चीनी मिल शीघ्र ही वर्तमान पेराई सत्र का भुगतान शुरू कर देगी।

नवीन पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा नवीन पुलिस लाइन शामली में आयोजित शुक्रवार परेड के दौरान निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली गई, जहां परेड में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, ड्रिल कौशल तथा संपूर्ण अनुशासन का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय ने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा तथा यूपी-112 इकाई में तैनात वाहनों की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं उनके रख-रखाव से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। परेड में आरटीसी प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थी भी शामिल

रहे, जिनके प्रदर्शन की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक ने नवीन पुलिस लाइन परिसर में स्थित आरटीसी मैस, बैरक, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण अभ्यर्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। प्राप्त बिंदुओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, ने परिसर में निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का निरीक्षण कर गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयसीमा के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

इसके उपरांत महोदय द्वारा अर्दली रूम में रखे विभिन्न रजिस्टरोंकृजैसे आगमनध्प्रस्थान पंजिका, शस्त्र रजिस्टर, मालखाना अभिलेख, दैनंदिन डायरी, निरीक्षण रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, अद्यतन प्रविष्टियों तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस व्यापक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह सहित विभिन्न थानों एवं शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

चोरी की घटना में एक अभियुक्त पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। 28.9.2025 को वादी अक्षय कुमार ठाकुर पुत्र राकेश कुमार, निवासी मोहल्ला सुभाषनगर रेलपार, थाना आदर्शमण्डी, जनपद शामली के घर से अज्ञात चोरों द्वारा एक जोड़ी चांदी की पाजेब, एक सोने की अंगूठी, नगद रूपए व दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए जाने के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक आदर्शमण्डी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक अंगूठी पीली धातु, 1 जोड़ी पाजेब सफेद धातु, 1 मोबाइल फोन रेडमी कंपनी रंग कॉफी पिंक एवं रु. 1000 नगद बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त सलमान पुत्र रीशु, निवासी मोहल्ला घास मण्डी, थाना थानाभवन, जनपद शामली है।

छेड़छाड़ के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। 27.11.2025 को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में पीड़िता के परिजन द्वारा थाना बाबरी पर नामजद तहरीर दी गई थी । तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में 1 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में व 2 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उस्मान पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली व बिलाल पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली है।

संदिग्ध युवक से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद, गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। थाना भवन पुलिस ने देर शाम एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।थाना पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक दीपचन्द पुलिस टीम संदीप कुमार और रोहित कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव गोंसगढ़-मसावी मार्ग पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंसार पुत्र अल्लादीन, निवासी हसनपुर लुहारी, थाना थानाभवन बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या उठाई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के दोनों गुटों के पदाधिक. ारियों ने शुक्रवार को नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार, जिला महामंत्री जिया-उल-हक अंसारी, देवेंद्र कुमार तथा चेतनारायण गुट से सहारनपुर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष प्रदीप मलिक और जिला मंत्री नीरज बेनीवाल शामिल रहे। पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सहजन के पौधे भेंटकर सम्मानित किया। भेंट के दौरान शिक्षकों के विभिन्न लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से नवंबर 2024 से अब तक शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या को प्रमुखता से रखा गया। इस पर डीआईओएस ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल ने सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

मशीनों की मरम्मत के कारण झिंझाना कस्बा सात घंटे तक अंधेरे में डूबा

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। टाउन बिजली घर में मशीनों की मरम्मत के चलते कस्बे की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को लगातार सात घंटे तक ठप रही। इसके चलते पूरा कस्बा दिन में ही अंधेरे में डूब गया। बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रही। मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद ही कस्बे में बिजली सप्लाई सुचारू रूप से शुरू हो सकी। इस संबंध में अवर अभियंता सुरजीत सिंह ने बताया कि मशीनों में हुए तकनीकी खराबी के कारण ही विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मशीनों में कुछ तकनीकी गड़बड़ी थी, जिसे हमने दुरुस्त कर दिया है।

डा. हिमानी अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं की कराई गोदभराई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। डॉ हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना कैराना शामली में आंगनवाडी केन्द्र अलीपुर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा दो गर्भवती महिलाओ की गोद भराई कराई गई एंव सात माह आयू पूर्ण कर चुके दो बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया गर्भवती महिलाओ को पोषण टोकरी दी गई तथा सात माह पूर्ण कर चुके बच्चो को भी पोषण टोकरी दी गई। इस अवसर पर वन स्टाप सैन्टर प्रभारी गजाला त्यागी, के द्वारा महिलाओ एंव बच्चो को

जागरूकता एंव कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, यामिनी रंजन जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली, खण्ड विकास अधिकारी, वन स्टाप सेन्टर प्रभारी गजाला त्यागी, महिला थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुदेश भारती, समस्त आगनवाडी कार्यकत्री एंव आंगनवाडी सहायिका उपस्थित रही। इसके बाद डॉ हिमानी अग्रवाल जी, माद्द सदस्य, उद्दप्रद्द राज्य महिला आयोग द्वारा सरस्वती शिशु मॉदिर जूनियर हाई स्कूल देवी मंदिर मार्ग कैराना में सप्त शक्ति संगम एवं मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग आपके द्वारा अभियान के अंतर्गत आप 24 घंटे आयोग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने बेटियों को सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी ने महिलाओं को वन स्टोर केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही महिलाओं को केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही टोल फी नंबर,महिला हेल्पलाइन 181, सरकारी सीयूजी नंबर 9412102300 के बारे में भी जागरूक किया।उन्होंने मौके पर ही सभी महिलाओं को अपना पर्सनल नंबर देते हुए कहा कभी भी किसी भी समस्या के लिए हुए उन्हें फोन कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक समिति के प्रबंधक प्रदुमन कुमार जैन, अध्यक्ष जयप्रकाश गर्ग,प्रधानाचार्य ज्ञानचंद जी, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी, सहित भारी संख्या में महिला बहने उपस्थिति रहीं।

लोकतंत्र के मूल्यों के विकास को युवा संसद का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय कार्यप्रणाली से परिचित कराने और उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों को विक. सित करने के उद्देश्य से युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। छात्रों को नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, नागरिक जागरूकता और सार्वजनिक भाषण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और चेयरमैन अरविंद संगल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दिल्ली संसद की तर्ज पर आयोजित युवा संसद में पक्ष और विपक्ष के छात्र सांसद आमने-सामने बैठे। नव निर्वाचित सांसदों को लोकसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई, जिसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने बेरोजगारी, आतंकवाद, नोटबंदी, नारी सुरक्षा, पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर प्रश्न उठाए। वहीं एक राष्ट्र-एक चुनाव, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया जैसे विषयों पर भी तीखी बहस हुई। मंत्रियों ने सूझबूझ भरे उत्तर देकर सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका शुभम शर्मा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भूमिका चिराग जैन, राजनाथ सिंह की भूमिका पार्थ कौशिक, अमित शाह की भूमिका कृष्णम, नितिन गडकरी की भूमिका कृष्णा, पीयूष गोयल की भूमिका प्रियांशु, अखिलेश यादव की भूमिका दक्ष, धर्मेंद्र यादव की भूमिका आरिज, लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका पिक्सी सहित सभी बच्चों ने पात्रों का जीवंत अभिनय किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओंकृगौशाला संस्था, लायंस क्लब दोआब, लायंस क्लब क्राउन, रोटरी क्लब और भारत स्वाभिमान योग ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

युवा संसद में अंशिका, राशि, निधि मित्तल, वंशिका, अनुष्का, .ष्टि सैनी, कनक, सुहाना सैनी, निहारिका, मनस्वी, अदिति शर्मा, प्रगति, नित्या, हार्दिक गर्ग, दिग्विजय, सान्वी, प्रिंस कुमार आदि ने लोकसभा सदस्यों की भूमिकाऐ निभाईं। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को निर्णायक मंडल की जज मीनू संगल और सीमा निर्वाल द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

गन्नों से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। शुक्रवार को गन्नों से भरा ओवरलोड ट्रक गागौर शुगर मिल की ओर जा रहा था।ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही वह गंगारामपुर खेड़की से मिल रोड की तरफ मुड़ा तो , ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और कुछ दूरी पर जाकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। राह चलते लोगों ने भागकर जान बचाई। हादसे के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीर और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रदूषण विभाग को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला गंगा समितिधजिला पर्यावरण समि. तिधजिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंदुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कंडला इंडस्ट्रियल एरिया से अंडर ग्राउंड आ रहे प्रदूषित जल, जो सीधा कृष्णी नदी एवं अलीपुर, एरटी गांव की ओर जा रहे नाले के प्रदूषण को कम करने हेतु प्रदूषण विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए कि आप उक्त नाले का निरीक्षण करें,एवं आगमी बैठक में कार्ययोजना प्रस्तुत करे। जिसके पश्चात् मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आगमी वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन करते हुए सूचना डीएफओ को उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए और जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण का अभी तक क्रॉस चौकिंग की सूचना नहीं भेजी गई है। उन्हें जल्द से जल्द सूचना भेजने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिका. रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियमित रूप से रोकथाम कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, डॉ सोनू कुमार, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, डैनेज खंड, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। समेकित शिक्षा के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बनत, ब्लॉक संसाधन केन्द्र-शामली के प्रांगण में एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली सहित जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शामली कुमारी प्रिंसी, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेश राठी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक खलील अहमद एवं रश्मि रानी द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती जी की आराधना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार द्वारा आज के कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अवगत कराया गया कि दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एलिम्को कानपुर की टीम द्वारा शामली के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 185 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर 81 बच्चों को सहायक उपकरण देने हेतु चिनांकन किया गया था सभी दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान कर किए जाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।इसके उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा निम्न 10 प्रकार के सहायक उपकरण बच्चों को वितरण किए गए जिसमें 12-ट्राई साइकिल, 15-व्हीलचेयर 28-हियरिंग एड, 6-सीपी चेयर, 06-रोलैटर ,1-ब्रेल किट,33 टी एल एम किट,एवं 10 बैसाखी का वितरण किया गया। जिला समन्वयक द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण करने के उपरांत सभी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को उपकरणों की महत्वता एवं उनका उपयोग किस प्रकार करना है से संबंधित पूरी जानकारी एलिम्को कानपुर की टीम एवं समस्त स्पेशल एजुकेटर को ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही सभी दिव्यांग बच्चों को निपुण बनाकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु प्रेरित किया गया।इस कैम्प का आयोजन जितेन्द्र कुमार प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा किया गया। मंच संचालन का कार्य एस आर जी सचिन कुमार जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एलिम्को कानपुर टीम में सूरज कुमार, दिव्यम सिंह, एवं समस्त स्पेशल एजुकेटर शामली द्वारा प्रतिभाग किया गयास साथ ही कल दिनांक 29 नवंबर 2025 को विकास क्षेत्र उन में भी चिन्हित दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

ओवरलोड गन्ने के ट्रकों की साइड लगने से सीसीटीवी कैमरा व स्ट्रीट लाइट क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। गन्ने से भरे ओवरलोडिंग ट्रकों की लापरवाही अब गंभीर रूप लेती जा रही है। गांव जमालपुर में बीती रात ओवरलोड गन्ने के ट्रकों की साइड से एक घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा तथा स्ट्रीट लाइट पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे ओवरलोड ट्रक आए दिन सड़क से गुजरते समय दुर्घटनाओं को जन्म देते हैं। लगातार हो रही छुटपुट घटनाओं से स्थानीय निवासी भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। रात के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। घटना से पीड़ित जयकरण अंसल निवासी जमालपुर ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे ओवरलोड ट्रकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और गन्ना परिवहन सामान्य भार सीमा के अनुसार कराया जाए।

हड़ताल खत्म कराने पर रमेश गौड कश्यप का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को समाप्त कराने में भाजपा के पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमेश गौड कश्यप की धन्यवाद सभा का आयोजन पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल के आवास पर किया गया। जिसमे, कस्बे के व्यापारियों शिरकत की। पूर्ण नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश गोयल के आवास पर आयोजित धन्यवाद सभा में बोलते हुए भाजपा के पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमेश गौड़ कश्यप ने कहा कि उन्हें कस्बे की विकट स्थिति के लिए बुलाया जाएगा वह क्षेत्र के लोगों के बीच हमेशा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि परिवार में आपसी मनमुटाव था जिसे दूर कर दिया गया है। कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत में आईओ तथा लिपिक के पद कई वर्षों से एडिशनल चार्ज पर चल रहे हैं। ईओ और लिपिक महीने में कुछ घंटे ही नगर पंचायत को देते हैं। जिससे कस्बे के लोगों के कार्य

लंबे समय तक अटके रहते हैं। उन्होंने नगर पंचायत में परमानेंट ईओ और लिपिक की तैनाती की मांग की। कस्बे की टूटी सड़क के बारे में भी लोगों ने आयोग के सदस्य को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एक्सचेंज से लेकर और गाड़ी वाला चौक तक सड़क बुरी तरह टूटी हुई है। पिछले 10 वर्षों में सिर्फ पैचिंग कार्य ही हुआ है। उन्होंने तुरंत ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से इस बारे में फोन पर वार्ता की तथा जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अमित गोयल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष विनोद संगल, भाजपा नेता राहुल देव गुप्ता, सतीश कश्यप, अरविंद बंसल, सुनील कुमार बिंदल, शिव कुमार, विपिन रुहेला, संदीप कुमार, केतन रामकुमार कश्यप सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, नगर में सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटी

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। कस्बे के सफाई कर्मचारियों और नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप के बीच चल रहा विवाद बृहस्पतिवार को खत्म हो गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमेश गौड़ कश्यप ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। समझौते के तहत सफाई कर्मियों की सभी मांगों को मान लिया गया है। अब भूमि पर कूड़ा नहीं डाला जाएगा, सफाई कर्मियों के साथ अभद्रता नहीं की जाएगी और हटाए गए तीनों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को भी वापस कार्य पर ले लिया जाएगा। समझौते के बाद सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और शाम होते ही काम शुरू कर दिया।

वार्ता के बाद स्थगित हुआ किसानों का धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। गन्ना सोसायटी में पिछले एक सप्ताह से गन्ना सेंटर की दूरी निर्धारण को लेकर चल रहा किसानों का धरना मंगलवार को प्रशासन और किसानों के बीच हुई वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। किसानों ने शामली मिल द्वारा लिए जा रहे अधिक परिवहन शुल्क का मुद्दा उठाते हुए दूरी पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी।

किसानों के प्रतिनिधिमंडल में प्रियांशु पंवार, कपिल डेलीगेट, देवराज, दर्शनपाल, सचिन, मोहित, उपेंद्र और सचिन कृष्णपाल शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन से मुलाकात कर मिल द्वारा चार्ज किए जा रहे अधिक किराए की जानकारी दी। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला गन्ना अधिकारी गन्ना समिति पहुंचे और धरनास्थल पर किसानों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से विस्तृत वार्ता की। वहां मौजूद प्रोफेसर

सुधीर पंवार, हरीश, बाबूराम पंवार, विकास पंवार और मनोज पंवार ने प्रशासन एवं किसानों की संयुक्त कमेटी द्वारा दूरी तय करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। समझौते के तहत निर्णय लिया गया कि प्रशासन, किसान और मिल, तीनों पक्ष संयुक्त कमेटी द्वारा तय की गई दूरी को स्वीकार करेंगे। जिला गन्ना अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि कमेटी द्वारा अंतिम दूरी निर्धारित होने तक गन्ना पर्चियों पर दूरी और परिवहन शुल्क नहीं लिखा जाएगा। साथ ही, सेंटर बंद रहने के दिनों की गन्ना पर्चियों को आगे समायोजित किया जाएगा। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन सटीक दूरी निर्धारित करेगा ताकि किसानों का उत्पीड़न न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने सही निर्णय नहीं लिया तो किसान धरना-आंदोलन के विकल्प खुले रखेंगे। धरना स्थल पर अमरपाल, हरिकिशन पंवार, अजीत, कंवरपाल, मास्टर उदयवीर, रामबाबू, भोपाल सिंह, राजवीर, सावन राणा, सतवीर मूंछ, अमरजीत पंवार, योगराज पंवार, संजीव गांधी, सचिन प्रधान, अनिल, रवि पाल मौजूद रहे।

लेखपाल भवन में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों ने बैनर तले लेखपाल भवन में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने जिला प्रशासन फतेहपुर द्वारा लेखपाल सुखबीर की मौत प्रकरण में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट परिसर स्थित लेखपाल भवन में समस्त लेखपाल कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन पर रहे। उन्होने आरोप लगाया है कि जनपद फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की मौत प्रकरण में जिला प्रशासन द्वारा कोई जांच नही की जा रही है। जबकि वहां के लेखपाल लगातार आन्दोलन कर रहे है, जबकि जिला प्रशासन और पुलिस लीपापोती करने में लगी है। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर अर्चना शर्मा को सौंपा। धरने पर अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार, अक्षय कुमार, रविन्द्र देशवाल, राकेश कुमार, प्रशांत चौहान, अंशुल कुमार, विजय कश्यप, कुलवंत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की 6 दिसंबर को होगी बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में कबड्डी खेल को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत विमर्श किया गया।इस दौरान संगठन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने कहा कबड्डी केवल खेल ही नहीं, बल्कि हमारे ग्रामीण जीवन की आत्मा है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद के युवा प्रतिभाओं को मंच मिले, वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। एसोसिएशन हर स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने आगे बताया कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की अगली अहम बैठक 6 दिसंबर, शनिवार को जनपद स्थित ड्रीम सिटी के निकट आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगामी महीनों में कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए होने वाली विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।कार्यक्रम में संगठन के कई सदस्य उपस्थित रहे।

सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में दिखा वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का जोश

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल पिंडोरा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ बृहस्पतिवार को उत्साह और उमंग के बीच हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, फीता काटने और शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाने के साथ की गई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा मशाल एवं झंडा यात्रा ने पूरे माहौल को रोमांचित कर दिया। वरिष्ठ छात्रों द्वारा की गई यात्रा में सूर्य खटियान और लविश चिकारा ने नेतृत्व किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कक्षा 11 की 100 मीटर दौड़ में रमन हाउस के शौर्य खटियान ने स्वर्ण, आजाद हाउस के देव खटियान ने रजत और टैगोर हाउस के वंश तोमर ने कांस्य पदक जीता। कक्षा 3 से 12 तक की 100 व 200 मीटर दौड़ में लड़कों के प्रथम विजेताकृआंसू, अजहर, शिवम, अर्थव, अभय, मीत, नैतिक, शौर्य और हर्षित गिल रहे। द्वितीय स्थान पर शुभ, सत्यम, आयुष और वैभव रहे। बालिकाओं में प्रथम स्थान पर अपर्णा, शिवानी, परी, खुशी, आस्था, अंशिका, आराध्या, रितिका, वेदिका, सुखदीप, श्रेया और जानवी रहीं। द्वितीय स्थान पर शगुन समेत कई छात्राएं रहीं, जबकि कांस्य पदक अवंतिका, आरोही, अवनी, काव्य, सिया और अक्षिका के नाम रहा। गर्ल्स सीनियर खो-खो सेमीफाइनल में सुभाष हाउस ने रमन हाउस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल आजाद बनाम टैगोर में खेला गया, जिसमें आजाद हाउस विजेता रहा। सीनियर कबड्डी सेमीफाइनल में टैगोर हाउस ने आजाद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे मैच में सुभाष हाउस ने रमन को मात देकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए हाउस अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सुभाष कुमार, महावीर प्रसाद और नसीम अहमद ने विजेताओं को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार तोमर ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का मजबूत माध्यम हैं और विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़कर प्रतिभा निखारनी चाहिए। उन्होंने 29 नवंबर को होने वाले फाइनल मैच के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कस्बा ऊन चेयरमैन प्रदीप कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान पिंडोरा अमित चौधरी का विद्यालय स्टाफ व छात्रों ने तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर जितेंद्र चौधरी, सुमन चौधरी, निकुंज देशवाल, गोविंद कुमार, हरिओम चौधरी, मधु पवार, सोनिया, प्रिया, वर्षा, प्रीति, सृष्टि, लोकेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

ओवरलोड गन्ना ट्रकों ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें, कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। नगर से होकर गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रक लोगों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं। भीड़भाड़ वाले मार्गों से रफ्तार में निकल रहे ए भारी वाहन सड़क हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। पूर्व में भी कई बार गन्ने से भरे ट्रकों के पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें क्षेत्र में जनहानि तक हो चुकी है। इसके बावजूद ट्रक चालक नियमों को दरकिनार कर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

कस्बे के लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों को देखकर भी अनदेखा कर रहा है।

यातायात माह होने के बावजूद गन्ना ट्रक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय रहते इन ट्रकों पर लगाम न लगाई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। कस्बे के लोगों ने पुलिस महकमे सहित जिला प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों की जांच, कर चालान और अन्य मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सहयोग की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। राष्ट्रीय लोकदल हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन ने संगठन के सभी जिलाध्यक्षों, महानगर, नगर अध्यक्षों तथा पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा 4 दिसंबर तक चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में पूर्ण निष्ठा के साथ सहयोग करने की अपील की है। बूथ स्तर पर पहुंचकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची से वंचित न रह जाए। किसी भी त्रुटि की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर

उसका समाधान कराने पर जोर दिया गया। योगेंद्र सिंह ने घर-घर सही जानकारी पहुंचाने, दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहयोग करने और बूथ स्तर पर हेल्प प्वाइंट सक्रिय रखने को भी आवश्यक बताया। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले मेरा बूथ सबसे मजबूत, एक बूथ, 10 यूथ अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा, महानगर और नगर में प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इस अवधि में बूथ समितियों का गठन पूर्ण कर बूथ अध्यक्ष, प्रभारी और सदस्यों की सूची समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, देवानंद गौड़, अमित कुमार, विकास धीमान आदि मौजूद रहे।

सामूहिक जन्मदिवस मनाया

शामली। शहर के मेपल्स अकादमी में शुक्रवार को नवंबर माह में जन्मे प्री-नर्सरी से कक्षा 2 तक के सभी बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सामूहिक जन्मदिवस कार्यक्रम में प्री-नर्सरी कक्षा से गीतांशी और वियांश, नर्सरी से बुरहान और माही मलिक, केजी-1 से पर्व, वाची और भूविक, केजी-2 से अनवी और आरव मलिक, कक्षा 1 से वेदांश और यश शर्मा तथा कक्षा 2 से आरव सिंघल का जन्मदिवस मनाया गया। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल प्रबंधक मुकेश सिंघल, प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, उपप्रधानाचार्या मौसमी दास तथा सभी शिक्षकों ने जन्मदिन मना रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

मिशन शक्ति: पुलिस ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। शुक्रवार को नगर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। उप निरीक्षक सुनील दत्त तथा महिला कांस्टेबल की अगुवाई में पुलिस दल ने बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें सतर्क रहने का संदेश दिया। पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख

स्थानो,विभिन्न चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पताल, बैंक तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, 1090, 181 जैसी जरूरी सेवाओं की जानकारी दी। टीम ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इसके साथ ही छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया सुरक्षा, तथा मातृ सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। पुलिस टीम ने सभी को पंपलेट वितरित कर मिशन शक्ति के उद्देश्यों से अवगत कराया और कहा कि महिला सुरक्षा सरकार व पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने महिलाओं सेबताया कि वह किसी भी तरह की छेड़छाड़, उत्पीड़न, धमकी या साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में बिना हिचक शिकायत दर्ज कराएं, ताकि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

गोहरानी बाइपास हाइवे पर किसानों को वाहन ले जाने में हो रही समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव गोहरनी और भैंसवाल के ग्रामीणों ने एडीएम से मुलाकात की गोहरनी बाईपास हाईवे पर किसानों के वाहन चढने में आ रही समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होने उक्त मार्ग को ऊंचा उठाने की मांग की है।

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गोहरनी और भैंसवाल के दर्जनों किसानों ने एडीएम सत्येन्द्र सिंह व एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन से मुलाकात की। उन्होने बताया कि गांव गोहरनी बाईपास हाईवे पर गांव के किसानों को अपना गन्ना वाहन व गन्ने से भरा भैंसा बुग्गी चढाने में दिक्कते आ रही है। जिसका कारण है कि हाईवे की सडक की ऊंचाई गांव की सडक से ज्यादा है।

जिस कारण भैंसा बुग्गी को चढने में किसान को परेशानी रहती है और किसान के ट्रेक्टर ट्राली भी तेजी से चढने पडते है, जिससे हाईवे पर हादसे से खतरा बना रहता है। ऐसे में उन्होने उक्त सडक को ऊंचा उठाए जाने की मांग की है। एडीएम ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर देवराज पहलवान, दर्शन पाल, उपेन्द्र, मोहित, सुनील खैवाल, साहब सिंह, मोहन, मोहित, सचिन आदि मौजूद रहे।

सभासदों ने नगर पालिका परिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

कांधला। नगर पालिका परिषद के सभासद अरुण कुमार गर्ग, अफजल अली सहित कई अन्य सभासदों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है। सभासदों ने अपने पत्र में कहा है कि नगरपालिका अधिनियम-1916 की धारा-86 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक माह में कम से कम एक बोर्ड बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जानी चाहिए, लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करते हुए महीनों तक बोर्ड की बैठकें नहीं बुलाई गईं। इसके अलावा कई अन्य वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अजय कुमार ओझा ने मंडलायुक्त सहारनपुर को मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शासन के मामले संज्ञान लेने के बाद नगर पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

नाबालिग से छेड़छाड़, पिता के साथ अभद्रता,दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खन्द्रावली में एक नाबालिग से छेड़खानी और उसके पिता के साथ अभद्रता एवं गाली-गलौज करने के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी व्यक्ति के अनुसार, बुधवार शाम उसकी नाबालिग पुत्री गांव की दुकान से सामान लेकर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही राहुल ने उससे छेड़खानी की कोशिश की और बदसलूकी की।

डरी-सहमी किशोरी रोते हुए घर पहुंची और पिता को घटना की जानकारी दी।इसेप है घटना से क्षुब्ध पिता अपनी बेटी के साथ आरोपी राहुल के घर समझाने पहुंचे, जहां राहुल का भाई प्रवेश मौजूद था। पिता द्वारा शिकायत करने पर प्रवेश भड़क उठा और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। भयभीत होकर पीड़ित परिवार वहां से किसी तरह लौट आया।पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने राहुल और उसके भाई प्रवेश के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों आरा. `पी भाइयों की तलाश में जुटी हुई है।

विद्युत निगम अधिकारियों के उत्पीड़न से परेशान उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

जेई गुलशन झा के साथ मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। विद्युत निगम अधिकारियों द्वारा विद्युत चोरी रोकने एवं राजस्व वसूली अभियान के तहत उत्पीड़न एवं अवैध वसूली से तंग आए उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटने लगा है। इसका पहला शिकार बने हैं विद्युत निगम के जेई गुलशन झा। मंगलौर रोड पर राजस्व वसूली के लिए पहुचें जेई को एक शोरूम मालिक ने मारपीटकर घायल कर दिया। अधिकारी का दावा हैं कि वह बकाया वसूली के लिए वहां पहुंचे थे जबकि शोरूम मालिक का कहना हैं कि अधिकारी उनसे अवैध वसूली करना चाह रहा था। विद्युत निगम बकाया वसूली और स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर हट दर्मी और उत्पीड़न का रवैया अपनाएं हुए है। उपभोक्ताओं की मर्जी के खिलाफ अधिकारी उनके घरो पर जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे है। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना के शुरू होने से पहले ही अधिकारी राजस्व वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे है। जबकि उपभोक्ताओं का कहना की सरकार उपभोक्ताओं को राहत पहुंच. ाने के लिए 1 दिसम्बर से योजना की शुरूआत कर रही है। लेकिन उसके बावजूद अधिकारी अपनी अवैध वसूली के लिए उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे है और गरीब लोगो पर झठे मुकदमें दर्ज कराने का डर दिखाकर उनसे वसूली कर रहे है। यह पहला मौका नहीं है 26 नवम्बर को अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही, एसडीओ पुलकित टंडन, जेई गुलशन झा अपनी टीम के साथ देवबन्द क्षेत्र के मौहल्ला अबुल बरकात, लाल मस्जिद, दीवान चौक, बडजियाउलहक आदि मौहल्लों में चैकिंग व बकाया भुगतान वसूली के दौरान वीडियो बनाकर बिजली चोरी के झूठे मामलों में उपभोक्ताओं को डरा धमकाकर गरीब उपभोक्ताओं से वसूली करने तथा बड़े बकायादारो से सेटिंग कर चांदी कूट रहे है। जिसको लेकर विद्युत उपभोक्ताओं में भारी रोष व्यक्त है। शुक्रवार की शाम विद्युत निगम के जेई गुलशन झा टीम के साथ मंगलौर रोड पुलिस चौकी क्षेत्र में राजस्व वसूली के लिए गए थे। इस दौरान वह मंगलौर मार्ग स्थित एक फर्नीचर शोरुम पर पहुंच बिजली बिल का बकाया जमा करने के लिए कहा तो शोरुम मालिक ने जल्द ही बकाया बिल जमा करने की बात कहने पर जेई गुलशन झा ने फौरन जमा करने की बात कहने पर शोरुम मालिक व जेई में कहा सुनी के चलते मारपीट हो गई। इसमें गुलशन झा को चोटें आई और उनके एक हाथ में फ्रैक्चर भी हुआ है। घायल जेई गुलशन झा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

युवाओं ने संतोष वर्मा का पुतला फूंकने का किया प्रयास

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। ब्राह्मण बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोष बढ़ता जा रहा है। देवबंद में ब्राह्मण समाज के युवाओं ने संतोष वर्मा का पुतला फूंकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने नजरबंद कर लिया। जिसके बाद आक्रोशित युवाओं ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन पुलसि को देकर कार्रवाई की मांग की।

युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक के नेतृत्व में एकजुट हुए समाज के युवाओं ने मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा का पुतला फूंकने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें देवीकुंड स्थित हनुमंत धाम मंदिर में नजर बंद कर लिया। जिसके बाद आक्रोशित युवाओं ने पुलिस प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया है कि संतोष वर्मा की अमर्यादित टिप्पणी से ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई है। ऐसी तुच्छ मानसिकता रखने वाले अधिकारी के संपूर्ण कार्यकाल की जांच कराकर उन्हें पद से हटाया जाना जरूरी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि संतोष वर्मा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। शुभम वत्स, आचार्य वासुदेव भारद्वाज, तुषार शर्मा, शुभम त्यागी, शिवम शर्मा, संजीव शर्मा, मोहित त्यागी, आचार्य मोहित गौतम, हिमांशु भारद्वाज व रुद्र मिश्रा आदि ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहे।

आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने बीते रविवार को अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में यह कहा था कि आरक्षण समाप्त हो जाएगा अगर ब्राह्मण अपनी बेटी दान करें। ब्राह्मण बेटियों के संबंध में इस अभद्र टिप्पणी से प्रदेश भर में उनके खिलाफ आक्रोश है। विवादास्पद बयान के बाद अधिकारी के खिलाफ विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

वायरल वीडियों में महिलाएं पुलिस पर अभद्रता व पीटने का लगा रहीं आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। सोशल मीडिया पर क्षेत्र के एक गांव की वायरल हो रही वीडियो में कुछ महिलाएं पुलिस पर अभ्रदता करने व लाठी डंडों से पीटने का आरोप लगा रही हैं। हालांकि पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं के आरोपों को निराधार बताया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंबहेटा शेखां गांव का मामला बताया जा रहा है। पिछले दिनों एक विवाहित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अंबहेटा गांव निवासी रविकांत पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं दोनों के एक बच्चा भी है। महिला का आरोप है कि युवक अब उससे शादी करने के बजाए किसी दूसरी जगह शादी रचा रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन वह तभी से फरार चल रहा है। बृहस्पतिवार को पुलिस आरा. ेपी को गिरफ्तार करने के लिए गांव में दबिश देने गई थी। वहां महिलाओं ने पुलिस पर अभ्रदता करने व लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगाया। इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि धारा 69 में रविकांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। वह फरार चल रहा है उसी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई थी। महिलाओं के साथ किसी प्रकार की अभद्रता नहीं की गई।

खेल प्रतियोगिताओं में विद्यर्थियों ने लिया भाग

देवबन्द। इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक खेल समारोह के तहत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जमकर पसीना बहाया।

दारुल उलूम वक्फ रोड स्थित इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज प्रागण में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में सदाकत और खो-खो में सायमा की टीम विजयी रही। लडकों की 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद उमर और लड़कियों में आफरीन ने बाजी मारी। लंबीकूद में बीबीए के मोहम्मद समीर और बैडमिंटन में एलएलबी की छात्रा जैनब अव्वल रही। इस दौरान खेल इंचार्ज सुमित कुमार ने कहा कि खेल में रोजगार की तमाम संभावनाएं विकसित हो चुकी हैं इसलिए छात्रों को चाहिए कि वह समाज को फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। डा. तल्हा कमाल, डा. सरवेज अली, डा. वाजिद अली, नदीम अहमद, प्रवीण यादव, साहिबा अली, उस्मान, रूबीना, उम्मे फरवा आदि छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

अदालत ने चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज करने का दिया आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। उपचार में लापरवाही से हुई बालक की मौत के मामले में एसीजेएम परविंद्र सिंह की अदालत ने पुलिस को झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

जडौदा जट्ट गांव निवासी विनोद शर्मा की पत्नी कोमली ने एसीजेएम के यहां वाद दायर किया था। इसमें उसने बताया था कि 21 अप्रैल 2025 को बेटे उपलक्ष उर्फ हनी के पेट में अचानक दर्द हुआ था। गांव में ही क्लीनिक चलाने वाले इमरान को बुलाकर दिखाया गया। आरोप है कि इमरान ने अपने पास से बेटे को दो इंजेक्शन लगाए, जिसके कुछ समय बाद बच्चे के हाथ पैर नीले पड़ गए और उसकी मौत हो गई थी। कोमली का आरोप था कि चिकित्सक इमरान ने बच्चे को एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन लगाए, जिससे उसकी मौत हुई। पीड़िता ने इमरान पर बच्चे की हत्या करने, खुद को नशे के इंजेक्शन लगाने व उसके पास कोई डिग्री न होने का आरोप लगाया था। अदालत ने मामले की जांच सीएमओ से कराई जिसमें इमरान झोलाछाप चिकित्सक पाया गया। एसीजेएम परविंद्र सिंह ने शुक्रवार इसे केवल चिकित्सीय लाप. रवाही नही बल्कि हत्या की श्रेणी का अपराध मानते हुए पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए हैं।

सड़क हादसे में छात्र की मौत, बहन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। कस्बे में शुक्रवार देर शाम जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज का छात्र शिवम (18) पुत्र नत्थू अपनी बहन रश्मि के साथ बाइक से पावटी कलां स्थित घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों डेरी चौक से आगे पहुंचे, तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शिवम सड़क पर गिर पड़ा और उसी दौरान पीछे से आ रहे मिनी ट्रक की चपेट में आ गया।

हादसा इतना भीषण था कि शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। बहन रश्मि को हल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी मिनी ट्रक (कंटर) चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला तथा बाइक सवार अपनी

बाइक घटना स्थल छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मृतक शिवम के भाई सुमित का अस्पताल में रो-रोकर बुरा हाल

है। पिता नत्थू की करीब 20 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। बड़ा भाई कंडेला की फैक्टरी में मजदूरी करता हैं। शिवम अपने पीछे माता सहित दो भाई और दो बहनों को बिलखता छोड़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि डेरी चौक क्षेत्र में लंबे समय से तेज रफ्तार वाहन और अव्यवस्थित ट्रैफिक के चलते दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल स्पीड कंट्रोल और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम का सम्मान

मुजफ्फरनगर। बरला इण्टर कॉलेज में आभार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार की ओर से टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

विद्यालय के दिवंगत अध्यापक स्व. योगेश कुमार के परिजनों विशेषकर उनकी बहन कु. शिमलेश को 50 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के उपरांत, इस मानवीय पहल के सम्मान में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर टीचर सेल्फ केयर टीम के प्रमुख डा. फारुख हसन , भारत कुमार , वकील अहमद , नदीम मालिक, अल्ताफ त्यागी , मुकेश चंद सहित टीम के सदस्य रहे। विद्यालय परिवार ने उनके इस संवेदनशील योगदान का हृदय से आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सतीश कुमार ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने टीचर सेल्फ केयर टीम के इस सराहनीय कार्य का आभार व्यक्त किया और बताया कि उनकी यह पहल विद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका एवं कर्मचारियों ने स्व. शिक्षक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए टीम के इस योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

बंदी औरंगजेब की निरोधत्मक कार्रवाई पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार तामील

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पिट-एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत बंदी औरंगेज खां उर्फ परवेज की निरोधात्मक कार्यवाही पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार तामील। 27.11.2025 को जिला कारागार मुजफ्फरनगर से प्राप्त पत्र एवं उत्तर प्रदेश शासन, गृह विभाग द्वारा निर्गत आदेश एनडीपीएस अधि. नियम-1988 की धारा-3 (1) के क्रम में अंतर्गत बंदी औरंगेज खां उर्फ परवेज पुत्र अमानत खां, निवासी. मौहल्ला आर्यपुरी कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली निरोधात्मक आदेश तामील किए गए। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पारित आदेश में यह उल्लेखित है कि बंदी औरंगेज खां उर्फ परवेज की गतिविधियां जन-शांति एवं जन-सुरक्षा के लिए हानिकारक पाई गईं। उनके विरुद्ध संकलित गोपनीय सूचनाओं एवं आपराधिक गतिविधियों के आधार पर यह संतोषजनक पाया गया कि उनके विरुद्ध पिट-एनडीपीएस अधि. नियम 1988 की धारा-3(1) के अंतर्गत निरोधात्मक कार्यवाही आवश्यक है। जिला कारागार मुजफ्फरनगर के अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश के अनुपालन में बंदी औरंगेज खां उर्फ परवेज को आदेशानुसार बंदी का निरोधकाल 1 वर्ष निर्धारित किया गया है, जो दिनांक 27.11.2025 से प्रभावी होगा।

फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री की बैठक में उठीं उद्यमियों की समस्याएं

मुज़फ्फरनगर। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री की बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में फेडरेशन के सह सचिव आशीष गर्ग के संचालन में हुई बैठक में अध्यक्ष अश्वनी मित्तल ने सीडीओ एवं सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार का स्वागत किया। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें वहलना चौक से वहलना गांव तक निर्माणाधीन नाला नाले के निर्माण कार्य में तेजी लाने को मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां विद्युत विभाग संबंधी शिकायतों पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ अलग समीक्षा बैठक कराने के निर्देश दिए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के साथ अलग बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि समस्या का समाधान हो सके। बैठक में सदस्य सचिव एवं सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, सहायक श्रमायुक्त, लोक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य कर विभाग, वन विभाग, विभिन्न बैंक प्रतिनिधि तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन की ओर से कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, केशव गर्ग आदि रहे।

कार ने दो बाइकों को रौंदा, युवक की मौत, चार अन्य गंभीर, गाड़ी चालक फरार

चौसाना। चौसाना-बिडौली मार्ग पर कमालपुर के सामने शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार ने आमने.सामने से आ रही दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

चौसाना क्षेत्र के अलीपुरा निवासी मोहम्मद (18), सुहेल (17) और शावेज (20) पल्सर बाइक पर सवार होकर बिडौली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भडी निवासी अमर (25) और शिवम (18) करनाल से अपने गांव लौट रहे थे। दोनों बाइकों के कमालपुर के सामने पहुंचते ही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने उन्हें सीधा टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुहेल की मौके पर ही मौत हो गई,

जबकि मोहम्मद, शावेज, अमर और शिवम सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। हादसा देख मौके पर अफरा.तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को डायल 112 से सीएचसी ऊन भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने मोहम्मद और शावेज को करनाल तथा अमर को मेरठ रेफर कर दिया। शिवम का इलाज ऊन में जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि कार चालक हादसे के बाद गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

स्पिक मैके कार्यक्रम में दिखी बनारस घराने की संस्कृति

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। देशव्यापी सांस्कृतिक आंदोलन में संलग्न संस्था द्वारा स्पिक मैके के द एस डी पब्लिक व एम जी पब्लिक में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों कार्यक्रमों में बनारस घराने की ग्यारहवीं पीढ़ी के विख्यात कथक कलाकार विशाल कृष्णा ने सब दर्शकों का मन मोह लिया।

देशव्यापी सांस्कृतिक आंदोलन में संलग्न संस्था स्पिक मैके द्वारा आज द एस. डी. पब्लिक स्कूल में कथक नृत्य का भव्य और शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बनारस घराने से पधारे ब्विविख्यात कथक नृत्य के ग्यारहवीं पीढ़ी के कलाकार विशाल कृष्णा जी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम शुरुआत की। तत्पश्चात उन्होंने तीन ताल से प्रारम्भ करके जिसके अंतर्गत उठान, आमद ओर परण की प्रस्तुति की, साथ ही सम और विषम संख्याओं को तबले के साथ लयबद्ध किया। प्रसिद्ध कथक गुरु स्व. सितारा देवी जी के पौत्र विशाल कृष्णा ने अपने नृत्य में घोड़े की चाल को तबले के साथ प्रदर्शित किया व दोस्तों के साथ गेंद खेलने का बड़ा ही मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। विशाल कृष्णा ने अपने नृत्य से माखनचोरी की कृष्णलीला में पद मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया। और अंत में साथ ही तबले और घुंघरू की प्रश्नोत्तरी की जुगनबंदी की और कार्यक्रम के उपरांत प्रधानाचार्या नीलम माहना ने कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

न्यू मैक्स इंटीग्रेट प्रोजेक्ट पर सवाल उठाए

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। दिल्ली देहरादून हाईवे पर सहारा समुह को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे है। एक तरफ कुछ लोगों का कहना है कि इसमें एक धोखाधडी और फर्जीवाडा है तो वहीं दूसरा पक्ष लगाए गए आरोपों को सीरे से खारिज कर रहा है।

बता दे कि सहारा इण्डिया की भूमि पर विकसित हो रही महत्वकांक्षा न्यू मैक्स सिटी परियोजना पर आए दिन कोई ना कोई विवाद खडा रहता है। शुक्रवार को समाजसेवी विकास बालियान ने जिला मुख्यालय पहुंचकर उन्होने न्यू मैक्स सिटी टाउनशिप को लेकर धोखाधडी, ठगी और फर्जीवाडे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को 71 पेज का एक पत्र सौंपा है। दिए गए पत्र में आरोप लगाया कि परियोजना के लिए 200 एकड से अधिक कृषिका भूमिका अधिग्रहण अवैध तरीके से किया जा रहा है और इसका उपयोग मूल उद्देश्य से हटकर व्यवसायिक गतिविधियों में किया जा रहा है। विकास बालियान ने आरोप लगाया कि उन्होने इस संबंध में कुछ सबुत जमा किए है। उनमें सभी की जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के आदेश, एमडीए से जुडे अभिलेख, भूमिका क्रय-विक्रय से जुडी रजिस्ट्री व अन्य सरकारी दस्तावेज भी शामिल है। उनका यह भी आरोप है कि किसानों को गुम. राह कर उनकी बेशकीमती जमीन हडपी गई और बाद में उन भूखण्डों का इस्तेमाल ऐसी परियोजना में किया गया जिनकी अनुमति न तो विकास प्राधिकरण ने दी और न राजस्व विभाग ने कोई स्वीकर्ति पदान की है। उनका कहना है कि अवैध अधिग्रहण के चलते सरकार को बडे पैमाने पर नुकासन पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस संबंध में पहले भी न्यू मैक्स सिटी की लिगल टीम ने जनपद में एक प्रेसवार्ता कर परियोजना को पूरी तरह वैध बताया था। उन्होने दावा किया था कि तमाम भूमि कानूनी तरीके से खरीदी गई है और सभी अनुमति उनके पास है। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। बता दे कि यह मामला काफी समय से तूल पकड रहा है और इस मामले को लेकर आरोप प्रतियारोप का सिलसिला भी जारी है। फिलहाल इस मामले की जांच शुरू हो गई है।

प्रशासन ने कराया पिंडदान स्थल का निर्माण

नांगल सोती। ग्राम अभिपुरा में बीते एक माह से पिंडदान स्थल की भूमि को लेकर पक्षों में विवाद चल रहा था। एक पक्ष के इंतखाब का कहना था कि उक्त भूमि उनसे खरीदी है, जिसका उसके पास बैनामा है। इसलिए उक्त स्थान पर पिंडदान नहीं बनाया जा सकता है। जबकि ग्रामीण सुशील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, पंकज कुमार आदि का कहना था कि उक्त भूमि ग्राम समाज की है, जिस पर वर्षों से पिंडदान किया जा रहा है।

सार्वजनिक सूचना

मेरा पुत्र **प्रियांशु** पुत्र धीरसिंह एवं पुत्रवधू **रेशमा** पत्नी प्रियांश निवासी मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। मेरे व परिवार के साथ बदसलूकी से पेश आते हैं। मेरी पुत्रवधू रेशमा बार बार आत्महत्या करने की धमकी देती है। इसलिए मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उसके किसी भी प्रकार के कृत्य, लेन देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

ललतेश देवी पत्नी धीरसिंह
निवासी आमकी दीपचन्दपुर मुस्त, पहाडपुर, तहसील व जिला सहारनपुर।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डि0 सहारनपुर।
प्रकीर्ण वाद संख्या 131 सन 2023
1. मौ0 अय्यूब पुत्र मौ0 स्वालेह निवासी मकान नम्बर 11/432 मौहल्ला टोपिया सराय, सहारनपुर।
आदि ....वादीगण/सायलान।
बनाम
1. मिथुन कुमार भाटिया पुत्र श्री प्रवेश कुमार भाटिया निवासी मकान संख्या 525 गांधी कालोनी, गली नम्बर-14, मुजफ्फरनगर।
2. राजेश गुरनानी पुत्र श्री गंगाधर गुरनानी निवासी मान सरोवर कालोनी, जिला मुजफ्फरनगर।
... प्रतिवादीगण / विपक्षीगण।
चूंकि उपरिनामांकित को में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के दिसम्बर के 04 दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे असल हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2025 माह 11 दिवस 28 को निकाली गयी।
आज्ञा से
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज सी0डि0, सहारनपुर।

सूचना

मैं बहलफ बयान करती हूं कि सम्पत्ति से सम्बन्धित एक मूल बैनामा जो ओम प्रकाश व प्रवीण गर्ग ने बीना माहेश्वरी के हक में किया था जिसकी रजिस्टरी बही नं.-1 जिल्द 197 पेज 151 से 172 दस्तावेज क्रमांक 1483 दिनांक 22.03.2002 व दूसरा मूल बैनामा जो बीना माहेश्वरी ने विजेन्द्र कुमार के हक में किया था जिसकी रजिस्टरी बही नं.- 1 जिल्द 270 पेज 277 से 292 दस्तावेज कमांक 1234 दिनांक 4.4.2003 सब रजिस्ट्रार सहारनपुर के यहां पंजीकृत थे। शपथकर्ता उक्त बैनामों के कागजात फोटो कापी कराने हेतु दिनांक 24.11.25 को रायवाला की ओर जाते हुए रास्ते में कहीं गिर गए है। शपथकर्ता ने काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिले। जिसके सम्बन्ध में थाना मंडी में सूचना दी जा चुकी है।
श्रीमती पारुल पत्नी राजकुमार
निवासी 13/701 मोरगंज जैन मंदिर के पास जिला सहारनपुर।

सूचना

मैंने अपना नाम SHAHBAAZ से बदल कर SHAHBAZ SHAHAB रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
SHAHBAZ SHAHAB
S/O KHALID HASAN
4/1 ABULMALI DEOBAN
SAHARANPUR

सूचना

मैंने अपना नाम TASAMEEM से बदल कर TASMEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
TASMEEM
W/O GALIB HASAN
143 V.P.O. SAMPLA KHATRI
DEOBAND SAHARANPUR

मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा

नई दिल्ली, वार्ता। मुंबई इंडियंस ने नई दिल्ली में हुई डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में अपनी 2025 की विजेता टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को सफलतापूर्वक वापस पा लिया। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने कहा कि उनकी रणनीति पुराने चैंपियन खिलाड़ियों को फिर से साथ लाने की थी। उन्होंने अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना और संस्कृति गुप्ता की वापसी को लेकर खुशी जताई। कप्तान हरमनप्रीत कौर, नैट शिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज़, अमनजोत कौर और जी. कमलिनी पहले से ही रिटेन थीं। नीता अंबानी ने इस मौके पर कहा कि नीलामी का दिन हमेशा रोमांचक होता है।

हमारी रणनीति यह थी कि जीत दिलाने वाली टीम को जितना हो सके वापस लाया जाए। मुझे अमेलिया केर की वापसी को लेकर बेहद खुशी है और हमारी चार 'एस' यानी शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति का फिर से टीम के साथ शामिल होना शानदार है।

साथ ही हम तीन युवा खिलाड़ियों-रहीला फिरदौस, नल्ला क्रांति रेड्डी और त्रिवेणी वशिष्ठ का भी टीम में स्वागत करते हैं। पूनम खेमनार, मिली इलिंगवर्थ और निकोला केरी को मुंबई-इंडियंस परिवार में शामिल करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

नीलामी में मौजूद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि शुरू में थोड़ा नर्वस थी, लेकिन जिस तरह से हमने प्लानिग की और हर किसी की भागीदारी रही। खासकर नीता मैम की, वह शानदार थी। उन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया है। टीम के पुराने चेहरे फिर हमारे साथ हैं, जो बताता है कि टीम मैनेजमेंट को हम पर कितना भरोसा है।

पूरी तरह फिट हुए रजत पाटीदार

● रजत बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके है और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है

नई दिल्ली, वार्ता। रजत पाटीदार बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। वह शुक्रवार को कोलकाता में मध्य प्रदेश की टीम से दोबारा जुड़ेंगे और रविवार को होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीसरे राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाटीदार एमपी के कप्तान हैं। पिछले चार हफ्तों से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए खेलने के बाद उन्हें लगातार घुटने में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच से भी दूर रहे। यह दर्द उन्हें 15 अक्तूबर को पंजाब के खिलाफ एमपी के पहले रणजी मैच के दौरान महसूस हुआ था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार पाटीदार ने 10 दिन का रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और सीओई की मेडिकल टीम ने उन्हें फिर से खेलने की अनुमति दे दी है। वह नेट में दोबारा बल्लेबाज़ी शुरू कर चुके हैं। चोट से पहले पाटीदार बेहतरीन लय में थे। उन्होंने रणजी सीजन की शुरुआत पंजाब के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर की थी। इस दौरान दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के कप्तान के तौर पर वह खतिाबी सफर में दो शतक और दो अर्धशतक भी लगा चुके थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 उनके लिए आईपीएल 2025 के बाद पहला सफेद गेंद का टूर्नामेंट होगा, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को उनका पहला खतिाब दिलाने वाले कप्तान थे। इसके बाद पाटीदार को राज्य टीम की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंप दी गई, जहां उन्होंने शुभम शर्मा की जगह ली। पिछले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में एमपी उपविजेता रही थी और पाटीदार का योगदान अहम था। वह 428 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने नौ पारियों में 186.08 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

संक्षिप्त खेल समाचार

भारत दिसम्बर में पांच महिला टी-20 मैचों के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

मुम्बई, वार्ता। अगले वर्ष जनवरी में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसम्बर में पांच महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसम्बर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसम्बर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे।

नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

नई दिल्ली, वार्ता। ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।

श्रीलंका ने पाक को हराया

● कामिल मिशारा ने 76 और कुसल ने 40 रनों की पारी खेली दुश्मांता ने चार विकेट लिए

रावलपिंडी, वार्ता। कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुए। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी।

उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान आगा सलमान ने 44 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए दुश्मांता चमीरा ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। इशान मलिगा को दो विकेट मिले। वानिदु हसरंगा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों को 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

● भारत की टीम ने नेपाल पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूएस वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया

नई दिल्ली, वार्ता। पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिटेल्स सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया। स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1-00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टीसी की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फाइनल 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में, चिटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: ष्टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है। उनकी वर्ल्ड कप जीत न सिर्फ भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। हमें इस कामयाबी का जश्न मनाने में उनके साथ खड़े होने का मौका मिला है। टीम के शानदार सफर के बारे में बताते हुए, कैप्टन दीपिका टीसी ने कहा कि इस जीत में हमारे सामने आए हर संघर्ष का वजन है(कम रिसोर्स, कड़ी ट्रेनिंग की चुनौतियां, और ऐसे पल जब हालात नामुमकिन लग रहे थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। वर्ल्ड कप चैंपियन के तौर पर यहां खड़े होना इस बात का सबूत है कि पक्का इरादा सबसे मुश्किल सफर को भी यादगार जीत में बदल सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारी जीत हम जैसे और भी कई लोगों को हिम्मत के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। चिटेल्स ग्रुप ने टूर्नामेंट को को-होस्ट करने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों की दिल से तारीफ की और सपोर्टस ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के फाउंडर-मैनेजिग ट्रस्टी डा. महंतेश को बधाई दी, जिन्होंने टीम को उसकी इस शानदार सफलता को सराहा।

हरियाणा एक गेंद में 4/0 से जीता

कोलकाता, वार्ता। कोलक. ाता में खेले गए हैदराबाद बनाम महाराष्ट्र के एक अन्य मुकाबले में अर्शिन कुलकर्णी के 54 बॉल में नाबाद 89 और पृथ्वी शॉ के 36 बॉल में 66 रन की जबरदस्त पारियों के दम पर महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें चामा मिलिद (नाबाद 35), तनय त्यागराजन (32), राहुल बुि (31), प्रग्नय रेड्डी (26) और अरफाज अहमद ने (23) रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने दो विकेट लिए। राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओत्सवाल और रामकृष्ण घोष ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र के लिए अर्शिन कुलकर्णी 54 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। कप्तान पृथ्वी शॉ ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 26 रन बनाकर महाराष्ट्र को 18-4 ओव. रों में जीत दिला दी। कुलकर्णी और शॉ ने मात्र 12-1 ओवर में 117 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दी।

संक्षिप्त स्कोर: हैदराबाद 20 ओवर में 191/8 (चामा मिलिद नाबाद 35, तनय त्यागराजन 32, जलज सक्सेना 2-25) महाराष्ट्र से 18-4 ओवर में 192/2 (अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 89, पृथ्वी शॉ 66(अजय देव गौड़ 1-34)

अंशुल ने हरियाणा जीत में अहम भूमिका निभाई

● सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलिट ग्रुप सी में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराया

हैदराबाद, वार्ता। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में पंजाब बनाम हरियाणा के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हरा दिया। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बाद 207- 207 बराबर रहने के बाद हुए सुपर ओवर में अंशुल कंबोज ने अभिषेक शर्मा और सनवीर सिंह को पहली ही गेंद पर डक पर आउट कर दिया, इसके बाद हरियाणा को जीत के लिए केवल दो रन बनाने थे। निशांत सिधु ने चौका मारकर हरियाणा को जीत दिला दी। इससे पहले, कप्तान अंकित कुमार (26 गेंदों पर 51) और निशांत सिधु (31 गेंदों पर 61) ने हरियाणा के लिए नौ विकेट पर 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, सुमित कुमार ने 14 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया। यशवर्धन दलाल (27) और सामंत जाखड़ 19 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के लिए अश्विनी कुमार ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा और रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक शर्मा को छह रन पर जल्दी खो दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह 20 रन पर आउट हो गए, दोनों को अंशुल कंबोज ने आउट किया। लेकिन, अनमोलप्रीत सिंह की 37 गेंदों पर 81 रन की तेज पारी ने पंजाब को फिर से लक्ष्य के पीछे जाने में मदद की, जबकि सनवीर सिंह की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी ने सुनिश्चित किया कि पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 207 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया। संक्षिप्त स्कोर: 20 ओवर में हरियाणा 207/9 (निशांत सिधु 61, अंकित कुमार 51, अश्विनी कुमार 3-31) और पंजाब 20 ओवर में 207/7 (अनमोलप्रीत सिंह 81, सनवीर सिंह नाबाद 30, अंशुल कंबोज 2-26) के साथ टाई रहा। सुपर ओवर: पंजाब तीन गेंद में 1/2 (रमनदीप सिंह नाबाद एक रन बनाया।

भारत सऊदी अरब से पहला मैच हारा

रियाद, वार्ता। भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार को रियाद ग्रीन हॉल में फीबा वर्ल्ड कप 2027 क्वालिफायर के अपने पहले मैच में सऊदी अरब से 75-51 से हार गई।

सऊदी अरब के लिए मुहम्मद-अली अब्दुर-रहमान ने गेम में सबसे ज्यादा 23 पॉइंट्स बनाए, जबकि हर्ष डागर 10 पॉइंट्स के साथ भारत के टॉप-स्कोरर रहे। मेजबान सऊदी अरब ने माज़ौक अलमुवालाद के टू-पॉइंटर से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले अरविद मुथु कृष्णन ने थ्री-पॉइंटर से भारत को आगे बढ़ाया। इसके बाद अरविद मुथु कृष्णन ने टू-पॉइंटर से भारत को 5-4 की बढ़त दिलाई, लेकिन सऊदी अरब ने जल्द ही लगातार पॉइंट्स लेकर मैच पर कंट्रोल कर लिया और पहला क्वार्टर 28-16 की बढ़त के साथ खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने गेम को भारतीय डिफेंस के पास ले जाकर अपनी मज़ी से स्कोर किया, जिससे पीरियड के आखिर में उनकी टीम को 45-32 की बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भी मैच का यही पैटर्न रहा, क्योंकि भारत का डिफेंस सऊदी अरब को रोकने में नाकाम रहा। मर्जौक अलम. ुवालाद, मोहम्मद अलसुवा. इलम, खालिद एम अब्देल गबर, अली शुबैली और मुसाब तारिक एम कादी, सभी ने सऊदी अरब के लिए पॉइंट्स बनाए।

यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

मुंबई, वार्ता। यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। सर डेविड बेकहम ने कहा कि मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।

जापान में रिकॉर्ड प्रदर्शन करने वाले डेफ्रलंपिक्स निशानेबाजों की सराहना

● माहित संधु ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजलि और अभिनव ने 3-3 पदक जीते

जयपुर, वार्ता। पैरालंपियन अवनि लेखारा और ओलंपियन मनु भाकर ने हाल ही में जापान के टोक्यो में संपन्न 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ्रलंपिक गेम्स में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (जयपुर) में पदक समारोह में शामिल हुई अवनि ने कहा, ष्भारत का इतना शानदार प्रदर्शन देखना अद्भुत है। विशेषकर निशानेबाजी में लगातार पदक आते देख मैं बहुत खुश और गर्व महसूस करती हूं। मैं चाहती हूं कि खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और हम दर्शक भी उनका समर्थन करते रहें ताकि आने वाले वर्षों में वे और भी बेहतर करें। कई भारतीय निशानेबाज़ों ने डेफ्रलंपिक्स में एक से अधिक पदक जीते। माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजली और अभिनव देशवाल ने तीन-तीन पदक अपने नाम किए। इसी तरह धनुष श्रीकांत ने दो पदक जीते। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों का संघर्ष उन्हें भी प्रेरित करता है। मनु ने कहा, ष्हम खुद प्रेरित होते हैं जब विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उनका जुनून और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है। मैं हर खिलाड़ी को बधाई देना चाहती हूं। हम सभी आपकी ओर देखते हैं और यदि हमें कभी आपकी मदद करने का मौका मिले तो हमें खुशी होगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीत चुकी अवनि ने कहा कि भारत सरकार की पहल से जमीनी स्तर पर खेलों का इकोसिस्टम बेहद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ष भारत सरकार और खासकर साई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतियोगिताएं जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देती हैं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए लॉन्चिग पैड का काम करते हैं। अगर ऐसी प्रतियोगिताएं बढ़ती रहे, तो भारत से आने वाले वर्षों में और भी अधिक एलीट खिलाड़ी निकलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेफ्रलंपिक में शामिल एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा थी

अंडर-एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे आयुष

● बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें वैभव सूर्यवंशी भी शामिल है

मुंबई, वार्ता। के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसम्बर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फॉर्म कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल)तुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ 27 रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खलिाफ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ 38 रन रहे। भारत के घरेलू सीजन में खेले गए चार प्रथम श्रेणी मैचों में, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ भारत ए का एक मैच शामिल था, म्हात्रे केवल 26 की औसत से सिर्फ 156 रन बना पाए। इसके बाद हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में उन्होंने रेलवे के खलिाफ केवल 18 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें भारत ग्रुप ए में

पाकिस्तान और दो अन्य क्वालिफाइंग टीमों के साथ है। वहीं बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, एक अन्य क्वालिफायर के साथ ग्रुप बी में है। भारत अपना अभियान 12 दिसम्बर को किसी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेगा।

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत की टीम : आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी-दीपेश, हेनील पटेल, किशन कुमार सिंह[, उ(व मोहन, ऐरन जॉर्ज। क्लीयरेंस पर निर्भर

स्टैंडबाय खिलाड़ी: राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी-क-किशोर, आदित्य रावत

एक परिवार की सात मौतों ने रुलाया पूरा जिला

मौके पर पहुंचे सांसद इमरान मसूद, विधायक आशु मलिक, एमएलसी शाहनवाज खान व पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

गागलेहड़ी। थाना क्षेत्र स्थित देहरादून-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार सुबह करीब दस बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि ग्राम सैयद माजरा निवासी परिवार गंगोह थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में हुए अपने मामा की मौत में शामिल होने के लिए बोलेरो गाड़ी से निकला था। बोलेरो जैसे ही सैयद माजरा टोल प्लाजा से आगे सर्विस रोड के पास पहुंची, उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वह सीधे बोलेरो पर पलट गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना देकर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद घायलों को फतेहपुर सीएचसी और जिला अस्पताल सहारनपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सातों को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक एक ही परिवार के थे, जिनकी मौत की खबर सुनते ही गांव में चीख-पुकार मच गई और मातम का माहौल गहराने लगा। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने सैयद माजरा टोल प्लाजा पर पहुंचकर हंगामा कर दिया और हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बना दी। ग्रामीणों का आरोप था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना देकर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद घायलों को फतेहपुर सीएचसी और जिला अस्पताल सहारनपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सातों को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक एक ही परिवार के थे, जिनकी मौत की खबर सुनते ही गांव में चीख-पुकार मच गई और मातम का माहौल गहराने लगा। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने सैयद माजरा टोल प्लाजा पर पहुंचकर हंगामा कर दिया और हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बना दी। ग्रामीणों का आरोप था कि हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही लगातार हादसों को जन्म दे रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन और एसपी मनोज यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले में दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और हादसे के कारकों की जांच भी कराई जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, सांसद इमरान मसूद,देहात विधायक आशू मलिक और एमएलसी शाहनवाज खान भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की तथा ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। एक ही परिवार के सात सदस्यों की असमय मौत से सैयद माजरा, मोहद्दीनपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई है। गांवों में सन्नाटा पसरा है और लोगों की आंखें नम हैं। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

■ **आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, टीम के साथ मौके पर पहुंचे कप्तान**

सात लाशें बिछीं, प्रशासन ने अलापा ''सारे कागज सही'' का राग

शाह टाइम्स ब्यूरो



सहारनपुर। दिल्ली-देहरादून हाइवे पर सैयद माजरा के पास आज सुबह बजरी से लदा डंपर पलटा और एक ही परिवार के सात लोग जिनमें दो साल का अनिरुद्ध और एक अन्य मासूम भी शामिल था, मलबे में दफन हो गए। महेंद्र सिंह (60), पत्नी रानी (55), बेटी जॉली (25), दामाद शेखर (35), उमेश और दो बच्चे; सातों की जिंदगियां कुछ पलों में खत्म। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर दिया और खनन माफिया व प्रशासन की मिलीभगत के खिलाफ नारे लगाए। लेकिन शाम होते-होते प्रशासन ने अपना पुराना रिकॉर्ड फिर दोहरा दिया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सलिल कुमार पटेल घटनास्थल पर पहुंचे और बड़ी शान से घोषणा की -"डंपर के सारे कागजात सही हैं। अवैध खनन की खबरें तथ्यहीन और भ्रामक हैं।" यानी सात लोग मरे नहीं, सिर्फ "दुर्घटना" हुई और वो भी पूरी तरह वैध डंपर से!

अद्भुत है यह तर्क। डंपर अगर "वैध" था तो फिर:उसका वजन तय सीमा से दोगुना-तिगुना कैसे था कि वह पलट गया? उसकी नंबर प्लेट गायब क्यों थी? (ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों की सैकड़ों वीडियो में साफ दिख रहा है) ड्राइवर मौके से फरार क्यों हो गया? और सबसे बड़ा सवाल ख अगर सारे कागज सही थे तो डंपर इतना ओवरलोड कैसे था कि कार को कुचलकर उसका नामो. निशान मिटा दिया? यह कोई नई कहानी नहीं। सहारनपुर-यमुनानगर-देहरादून कॉरिडोर पर पिछले दस सालों में सैकड़ों लोग इसी तरह कुचले गए।

हर बार यही ड्रामा: हादसा, गुस्सा, नेता-अधिकारी का दौरा "कागज सही पाए गए" केस बंद। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार दो मासूम बच्चे भी चले गए, फिर भी अफसरों को शर्म तक नहीं आई। अपर जिलाधिकारी महोदय ने बड़ी सहजता से कह दिया- "पुलिस मुक. दमा दर्ज कर रही है, जांच कमेटी बना दी गई है।" यानी वही पुराना फॉर्मूला। छह महीने बाद रिपोर्ट आएगी कि "ड्राइवर की लापरवाही" थी, डंपर मालिक को मामूली जुर्माना और खेल खत्म। खनन माफिया फिर रातों-रात यमुना और छोटी-बड़ी नदियों को खोदना शुरू कर देगा।ग्रामीण सच बोल रहे थे ख ये डंपर बिना नंबर प्लेट के, बिना लाइट के, रात-दिन दौड़ते हैं। चेकिंग के नाम पर जो पैसे लिए जाते हैं, वो ट्रक का डीजल तक नहीं निकालते। पुलिस चौकी से लेकर खनन विभाग के दफ्तर तक हर हाथ गर्म रहता है। इसलिए कागज हमेशा "सही" मिलते हैं, चाहे डंपर में दस टन की जगह पच्चीस टन बजरी क्यों न भरी हो।सवाल सिर्फ एक डंपर का नहीं, पूरे सिस्टम का है। जब तक अवैध खनन को संरक्षण देने वाले अफसरों और नेताओं पर बुलडोजर नहीं चलेगा, तब तक हर "वैध" डंपर एक चलता-फिरता कत्ल का औजार बना रहेगा। आज सात लाशें उठीं, कल दस उठेंगी। क्योंकि इस राज्य में इंसान की जान से सस्ती सिर्फ एक चीज है ख वह है रेत और बजरी के ट्रक के "सही कागजात"। अगर अभी भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो याद रखिए ख अगला नंबर किसी और मासूम परिवार का होगा। और फिर कोई न कोई सलिल कुमार पटेल आकर कहेगा, "सारे कागज सही थे।"

अवैध खनन से भरे डम्पर की खबर तथ्यहीन: सलिल पटेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। दिल्ली देहरादून हाईवे पर हुए सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत के बाद अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल भी घटनास्थल पर पहुंचे और खनन से भरे डंपर के कागजों की जांच पड़ताल की दर्दनाक हादसे के बाद सोशल मीडिया पर यह खबर भी प्रसारित की जा रही थी कि अवैध खनन से भरे डंपर के पलटने से यह सड़क हादसा हुआ है सोशल मीडिया पर वायरल खबरों का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर खनन से संबंधित सभी कागजों की बारीकी से जांच पड़ताल की और पाया कि जिस डंपर से कार के साथ हादसा हुआ है उस डंपर के खनन सामग्री के सभी कागजात सही पाए गए हैं और अवैध खनन से भरे डंपर की खबर तथ्यहीन ही चलाई जा रही है अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि यह दर्दनाक हादसा बेहद दुखद है और पुलिस प्रशासन ट्रक चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रहा है। सड़क हादसे की जांच के लिए भी जिला प्रशासन ने टीम का गठन किया है।

मृतक परिजनों को मिले एक करोड़ मुआवजा: आशु

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि ओवरलोडेड डंपर के कार पर पलट जाने से सात मासूम लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह त्रासदी इतनी भयावह है कि शब्द भी कम पड़ जाते हैं।

उन्होने कहा कि एक ही परिवार के तीन साल से छोटे बच्चे सहित 7 सदस्य एक साथ काल के ग्रास बन गए यह पीड़ा किसी भी संवेदनशील हृदय को झकझोर देती है। इस कठिन घड़ी में हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। सरकार से मांग करते हैं कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को कम से कम 1 करोड़ रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार संबंधित विभागीय लाप. रवाही पर कड़ी और ठोस कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा तत्काल व प्रभावी कदम उठाए जाएँ।

घटना स्थल पर जाम लगाने के दौरान लोगों के बीच पहुंची सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम।

अवैध खनन की भेंट चढ़ा पूरा परिवार: मुजतबा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सैयद माजरा में एक ही परिवार के सात लोगो की दुर्घटना में हुई मौतों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने गहरा अफसोस जाहिर करते हुये कहा अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है ट्रक और डंपर ओवरलोडिंग माल भर के ओवर स्पीड चल रहे है जिसकी भेंट आज ये भोला भाला निर्दोष परिवार खत्म हो गया।

राष्ट्रीय महासचिव ने छात्र के अधिकारियों पर भी मनमानी करने का आरोप लगाते हुये कहा कि हाईवे को मनमानी तरीके से खोला जाता है जिस से आये दिन दुर्घटनाएँ बढ़ रही हो उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार इट राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से सरकार से मर्तकों को उचित मुआवजा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की माँग की।

30 को होंगे अन्डर-14 चयन ट्रायल्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने जानक. ारी दी कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मिले दिशा-निर्देशों के तहत अंडर-14 जिला चयन ट्रायल 30 नवंबर को प्रात: 12 बजे अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अपने रजिस्ट्रेशन स्लिप के साथ समय पर ट्रायल में पहुँचें।

अंधेरे में रहने को मजबूर आधी आबादी

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। विकास खंड अर्न्तगत ग्राम खडलाना की आधी आबादी एक सप्ताह से अंधेरे में रहने को मजबुर है।

सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर लगा ट्रांसफार्मर सात दिन पूर्व ओवरलोड के कारण फूंक गया था। लगातार विद्युत अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद बदला नही जा सका है। रहे हैं लेकिन इस संदर्भ में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अब उस पर टेंपरेरी कोल्हू गन्ना चरखी के कनेक्शन होना बताएं जा रहे हैं, जिस कारण वह जलकर खाक हो गया था। जेई व एसडीओ फोन नहीं उठा रहे हैं। ट्रांसफार्मर से गांव की बड़ी आबादी जुड़ी है। इसी पर अब विभाग द्वारा नए कनेक्शन करने से ट्रांसफार्मर ओवरलोड की सीमाल. ांघ गया। रामपाल, अशोक, महिपाल, अजय, सुनील, यगेश आदि का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर 250 हार्स पावर का पास हुआ था लेकिन पुराना ट्रांसफार्मर 100 पावर का ही चलता रहा।

दो चोर पकड़े

सहारनपुर। मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे/निशानदेही पर दो स्कूटी, दो मोटरसाइकिल, मोटरसाइकिल के पार्ट्स व 2 अवैध चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर को वादी निशात पुत्र इरशाद निवासी खुमरान चकरौता रोड थाना नगर कोतवाली ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसकी एक्टीवा स्कूटी संख्या 11एपी-4468 चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मंडी कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सिराजुद्दीन, उपनिरीक्षक राहुल शर्मा व उपनिरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों वाजिद पुत्र मो. इनुद्दीन निवासी मौहल्ला मूत्रीबान काजी का मौहल्ला थाना कुतुबशेर व अब्दुल्ला पुत्र अब्दुल मालिक निवासी मौहल्ला खटीकों का कुआं थाना मंडी को पशु पैठ में टंकी के पास कमेला कालोनी की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का एक्टीवा तीन मोटरसाइकिल, एक अन्य एक्टीवा एवं दो अवैध चाकू बरामद कर लिए।

फर्जी कार्य करने में माहिर हो चुका बेसिक शिक्षा विभाग: डा.मलिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि बिना लीविंग सर्टिफिकेटके सरकारी स्कूलों में फर्जी प्रवेश हो रहे है और बेसिक शिक्षा विभाग फर्जी कार्य करने मे माहिर हो गया है।

डॉ अशोक मलिक ने यह बात गंगोह रोड के विवेक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पदम खटाना के आवास पर संघ की कोर कमेटी की बैठक में कही। उन्होंने कहा की शिक्षा विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारीगण आए दिन फर्जी कार्य करने में माहिर हो गए हैं सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक निजी स्कूलों के संचालकों को शोषण करते हुए बोलते हैं कि ऊपर से अधिकारियों के निर्देश है कि बिना टी सी लीविंग सर्टिफिकेट के बच्चों को प्रवेश करने के निर्देश है ?। इस प्रकार मान्यता प्राप्त स्कूलों की संचालकों को हजारों लाखों रुपए की फिश फिश अभिभावक नहीं दे रहा है और निजी स्कूलों को लाखों रुपए की हानि होती है।

उन्होंने कहा कि अधिकतर कर्मचारी अधिकारी गण अभिभावकों से सुविधा शुल्क लेकर स्कूल के यू डाइस पोर्टल से बच्चों को स्वयं ड्रॉप सी लीविंग सर्टिफिकेट के बच्चों को प्रवेश करने के निर्देश है ?। इस प्रकार शिकायत संगठन को प्राप्त हो रही है वर्तमान सरकार ने शिक्षा की गलत नीति ने शिक्षा का मजाक बना कर रख दिया है।

बैठक को जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, पदम खटाना, प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा, प्रभारी धनंजय शर्मा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार,विक्रांत शर्मा गौरव शर्मा विनोद कुमार मोहम्मद जावेद मोहम्मद वाजिद शीशपाल आलोक शर्मा समेश पवार ओमपाल सिंह आदि ने संबोधित किया।

मण्डलायुक्त ने की राजस्व कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने कहा कि अधिकारी शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। बी, सी एवं डी श्रेणी वाले विभाग कार्यशैली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें।

मंडलायुक्त श्री कुमार सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, चकबन्दी कार्यों एवं वादों की प्रगति तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैंकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। ए रैंक वाले अपनी रैंकिंग यथावत बनाए रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा छात्रवृत्ति संबंधी योजनाओं का निरंतर फालोअप लेने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए। उन्होने कहा कि संबंधित विभाग शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करे एवं शिक्षा विभाग संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं पर लम्बित प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। बाल विकास योजना के तहत निर्देश दिए कि मण्डल के चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण प्रदान कर सुपोषित करना सुनिश्चित करें तथा रैंक में सुधार करें। डा. रूपेश कुमार ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत कोई भी आवेदन पत्र अनावश्यक रूप से लम्बित न रहें। इसके लिए निरंतर एलडीएम एवं बैंकर्स के साथ समीक्षा की जाए। विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए टोलफ्री नम्बर 1912 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए एवं सभी ट्रांसफार्मरों पर 1912 नम्बर को प्रदर्शित किया जाए। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में तहसील रामपुर मनिहारान को श्रेणी में सुधार लाने के निर्देश दिए। कर करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा में उन्होने ऊर्जा के तहत विद्युत विभाग की वूसली बढाने तथा रैंकिंग बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को सख्त निर्देश कि किसी प्रकार की ओवररेटिंग न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। परिवहन विभाग को यथाशीघ्र पेंडिंग वसूली पर कार्य करते हुए रैंकिंग ठीक करने के लिए कहा। नगर विकास में मुजफ्फरनगर को वसूली ठीक करने के निर्देश दिए। कम राजस्व वसूली वाले विभागों को लक्ष्य के अनुरूप रणनीति बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण सहारनपुर संतोष कुमार राय मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय तिवारी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शामली सत्येन्द्र सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, उप निद. `शक पंचायत हरिकेश बहादुर, डीआईजी स्टाम्प अखिलेश दुबे, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित संबंधित विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला टी-20 की कप्तान बनी वर्णिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने सहारनपुर की महिला खिलाड़ी वर्णिका चौधरी को यूपी अंडर-23 महिला टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया है। इस उपलब्धि पर उसके परिवार, सहारनपुर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और जिले के खेल प्रेमियों ने वर्णिका के चयन पर गर्व और खुशी व्यक्त की। एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने कहा कि सहारनपुर की बेटियां किसी से कम नहीं हैं और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि एसडीसीए द्वारा क्रिकेट और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के कारण ही यह उपलब्धियां हासिल हो रही हैं।

एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि वर्णिका के पिता राजपाल सिंह, ग्राम बीरा खेड़ी के किसान और माता सुषमा चौधरी, गृहिणी हैं। उन्होंने अंडर-19 इंडिया टी20 चैलेंजर ट्रॉफी, एनसीए जोनल ट्रॉफी, अंडर-23 यूपी वन डे ट्रॉफी, यूपी सीनियर्स वन डे ट्रॉफी, अंडर-19 यूपी वन डे और टी20 ट्रॉफी (कप्तान के रूप में) और सीनियर्स यूपी टी20 ट्रॉफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

वर्णिका की इस उपलब्धि पर एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार और मृदुल गर्ग सहित तमाम खिलाड़ी और खेल प्रेमियों ने खुशी और गर्व व्यक्त किया।

अनिवार्य बना जन्म प्रमाण पत्र

सहारनपुर। सरकारी रिकॉर्ड की शुद्धता को लेकर चल रही देशव्यापी चिंताओं के बीच सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लागू कर दिया है। अब आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप यूपी सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी सरकारी योजना, सेवा, या दस्तावेजीकरण में जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए केवल मान्य बर्थ सर्टिफिकेट ही मान्य होगा।

अमूमन देखा जा रहा है कि आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि स्वघोषित होती है, जिसे कई लोग बार-बार बदलवाते भी रहते हैं। इस कारण सरकारी विभागों में उम्र के प्रमाण को लेकर संदेह बना रहता था। इसे समाप्त करने और प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आधार को उम्र प्रमाणपत्र की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। अब पासपोर्ट, सरकारी नौकरी, छात्रवृत्ति, स्कूल, कॉलेज प्रवेश, बैंकिंग कोर्ट कार्यवाही और सभी प्रमुख सरकारी योजनाओं में जन्म तिथि साबित करने के लिए अनिवार्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र ही प्रस्तुत करना होगा। बरहाल इसमें अधिकतर लोगों की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलने लगी हैं,जिसमें कहा जा रहा है कि क्या यह आदेशौ प्क की प्रक्रिया को ध्यान में रखकर आया है,जब फॉर्म भरने की तारीख खत्म होने वाली है? लोगों का कहना है की यूपी जैसे राज्य में कितने लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र होगा? पहले जन्म प्रमाणपत्र बनता ही नहीं था। यह सच्चाई तो नियम बनाने वाले भी जानते हैं। अगर वास्तव में यह नियम हाल ही में लागू किये जाते हैं तो एसआईआर की होने वाली प्रक्रिया में लाखों मतदाताओ को समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने किया एसआईआर शिविर का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने एसआईआर फार्म शिविर का निरीक्षण कर लोगों के फार्मों को भरवाकर उन्हे जल्द से जल्द बीएलओ के पास जमा कराने की अपील की।

रूही अंजुम आज सुहैल अंसारी द्वारा लगाये गये कैम्प में शिरकत की। उन्होने कहा कि जो फार्म भरे जा चुके है उन्हे मतदाता जल्द से जल्द बीएलओ को जमा करादे। इस दौरान मौ. उसमान, सलमान, हाजी शमशेर, प्रधान इंतजार, मीरा, बदर, अमन, सरफराज, महज खान, राव वजाहत, समीर, सल्लूनी, शब्बीर अली के अलावा बीएलओ जनक, अनीता, अंजना, गुलशन, रेखा सैनी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 29 नवम्बर 2025

सांसों पर संकट

देश की राजधानी में सांसों पर संकट आ रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। वे डाक्टरों के पास जाकर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके पास रोटी तक के पैसे नहीं बचे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता और सांसद भाग लेंगे। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर संसद में तुरंत और विस्तार से बहस कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, मोदी जी आप चुप कैसे रह सकते हैं। देश की हजारों माताएं अपने बच्चों की सेहत को लेकर डरी और परेशान हैं, क्योंकि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जल्दी दिखाई जा रही है, न कोई ठोस प्लान और न ही जवाबदेही। दिल्ली-एनसीआर में सर्वे किए गए कुल लोगों में से 80 परसेंट से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार हेल्थ प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसमें पुरानी खांसी, बहुत ज्यादा थकान और प्रदूषित हवा की वजह से सांस लेने में जलन शामिल है। सर्वे से पता चला है कि पिछले साल 68.3 परसेंट लोगों ने प्रदूषण से जुड़ी खास बीमारियों के लिए मेडिकल मदद ली थी। बता दें कि यह एक हेल्थकेयर संकट है जो बढ़ रहा है। इस समय दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है, जिसे रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार ने कृत्रिम वर्षा कराने का फैसला लिया था, जो पूरी तरह फेल हो गया। अब सर्दी के यौवन पर आते ही धुंध ने दिल्ली को चारों तरफ से घेर रखा है, जिसका असर सीधा फेफड़ों पर पड़ रहा है। इस बात को लेकर दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई थी, फिर भी इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वायु प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जिनमें फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं, जैसे अस्थमा, सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, और स्ट्रोक। इसके अलावा, वायु प्रदूषण निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण (जैसे निमोनिया), टाइप 2 मधुमेह, और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का भी जोखिम बढ़ाता है। इसलिए इस पर रोक लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यह समस्या आज की नहीं है, हर साल इसी समस्या से जूझना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह इसके लिए सार्थक कदम उठाए, ताकि लोग साफ हवा में सांस लेकर गंभीर बीमा. रियों से बच सकें। भारत को हवा के प्रदूषण पर तुरंत, विस्तृत संसद बहस की जरूरत है और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू की जा सकने वाली कार्य योजना चाहिए। साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं, और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है। ये सरासर अन्याय है।

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है, पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है, हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं, भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं।

-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

भयावह होता जा रहा है दिल्ली का प्रदूषण

दिल्ली का वायु प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। राजधानी की हवा में घुला जहर हर सांस में महसूस किया जा सकता है। नवंबर और दिसंबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि दिल्ली का आसमान धुंध से ढका रहता है और सूरज की रोशनी तक पूरी तरह से धरती पर नहीं पहुंच पाती। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोग से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से भी ऊपर पहुंच जाता है, जो कि गंभीर स्तर से भी आगे की स्थिति है। इस जहरीली हवा का असर आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और थकान जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई देता है। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या हर साल सर्दियों में कई गुना बढ़ जाती है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनेक कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। पूरे वर्ष प्रदूषण बना रहता है, लेकिन सर्दियों में यह खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। दिल्ली के आसपास के राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। किसान धान की फसल कटने के बाद उसके अवशेषों को खेतों में ही आग लगा कर खत्म करते हैं। इससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली पहुंचता है और शहर को एक बड़े गैस चौंबर में बदल देता है। दूसरी तरफ दिल्ली में वाहनों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है और निजी वाहनों के बढ़ते उपयोग से निकलने वाली गैसें प्रदूषण को और खतरनाक बनाती हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य विषैले कण फेफड़ों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां धुआं उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं किया जाता। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। निर्माण स्थलों पर चलने वाली गतिविधियां भी धूल के बड़े स्रोत हैं। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के दौरान उड़ने वाली धूल महीन कणों के रूप में हवा में फैल जाती है, जो शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म देती है। कूड़ा-कचरा जलाना, सड़क की धूल, थर्मल पावर प्लांट्स से निकलने वाला धुआं, और मौसम संबंधी स्थितियां यह सभी प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान देते हैं। सर्दियों में तापमान गिरने के कारण हवा का दबाव बदल जाता है और प्रदूषक तत्व हवा में ऊपर नहीं उठते, बल्कि जमीन के करीब ही फंसे रहते हैं। हवा की गति कम हो जाने पर यह जहरीली परत दिल्ली की हवा को और ज्यादा दमघोंटू बना देती है। वैज्ञानिक इसे इन्वर्शन स्थिति कहते हैं जिसमें प्रदूषण इतना अधिक बढ़ जाता है कि स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो सकता है। इस मौसम में घरों के अंदर मौजूद लोग भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते। छोटे बच्चों के फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं और इस जहरीली हवा के कारण उनमें आजीवन स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के स्कूलों में प्रदूषण बढ़ने पर छुट्टियां घोषित की जाती हैं, लेकिन यह समाधान नहीं है, बल्कि एक मजबूरी है। बच्चों को बाहर खेलने की अनुमति नहीं मिलती, खेल मैदान खाली दिखाई देते हैं। कुछ स्कूल एयर प्यूरीफायर का उपयोग करते हैं, लेकिन यह समाधान केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य जैसा हो जाता है। प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार तनाव, चिंता और कमजोरी लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करती है।

जिन लोगों की रोजी-रोटी सड़क पर चलने या मेहनत के कामों पर निर्भर है, जैसे रिक्शा चालक, मजदूर, डिलीवरी कर्मचारी और सफाई कर्मी, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि वे पूरे दिन खुले वातावरण में रहते हैं। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। निर्माण गति. विधियों पर रोक, डीजल जेनरेटर पर प्रतिबंध, पानी का छिड़काव, स्मॉग टावर, ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान), औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं। ऑड-ईवन योजना भी कुछ समय के लिए लागू की गई थी जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हुई। इसके बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्य चुनौती यह है कि प्रदूषण अनेक स्रोतों से पैदा होता है और प्रत्यक क्षेत्र में समान रूप से नियंत्रण लागू नहीं हो पाता। भारत में प्रदूषण का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। किसानों के सामने पराली जलाने के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन मशीनों की कीमत और अतिरिक्त खर्च के कारण वे अपने खेतों में आग लगाना ही आसान समझते हैं। सरकार मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त रूप से फैलाने और उपयोग को सुगम बनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के विस्तार की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर निर्भर न रहें। मेट्रो ने बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन यह अभी भी अधिक भीड़ और सीमित पहुंच के कारण पूरी तरह पर्याप्त नहीं है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, निमोनिया, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो सकती है क्योंकि प्रदूषण शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे शिशुओं पर इसका असर अधिक गंभीर हो सकता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल सरकारी या औद्योगिक स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है जैसे मास्क पहनना, घर में पौधे लगाना, गाड़ियों का कम उपयोग करना, बाइक या कार शेयरिंग करना, बिजली की बचत करना और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों से बचना। लोग यह मानकर चलते हैं कि अकेले व्यक्ति के बदलाव से कुछ नहीं होगा, लेकिन यही सोच समस्या को बढ़ाती है। यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जागरूक हो जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि प्रदूषण नियंत्रण पर केवल मौसमी कदम न उठाए जाएं बल्कि पूरे साल दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जाएं। स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। नई तकनीक को उद्योगों और कृषि क्षेत्रों में अनिवार्य किया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को पारदर्शी एवं कठोर बनाना आवश्यक है।

साथ ही हवा को स्वच्छ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे और वृक्ष लगाने होंगे क्योंकि हरित क्षेत्र प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हवा मनुष्य का पहला अधिकार है। जिस शहर की हवा ही सांस लेने योग्य न हो, वह शहर कितना भी विकसित क्यों न दिखाई दे, जीवन के मूल आधार पर असफल माना जाएगा। दिल्ली भारत की राजधानी है और देश की पहचान। यहां स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि लोगों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसका समाधान कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सरकार, समाज और नागरिक मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें तो एक ऐसा दिन जरूर आएगा जब दिल्ली फिर से नीला आसमान देखेगी और बच्चे बाहर खेलते हुए बिना मास्क के सांस ले सकेंगे। जब लोग सुबह की ठंडी हवा को महसूस कर सकेंगे और प्रदूषण का डर केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

संग्रहण भी करते थे प्राचीन शिकारी

मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानव. रों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

उत्तरी यूरेशिया में मिले लगभग 8000 साल पुराने टूटे और जले हुए भोजन अवशेष लगे मिट्टी के बर्तन चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे तो नहीं लगते लेकिन मांस और तरकारी रखने और पकाने की यह टिकाऊ तकनीक इस क्षेत्र में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के लिए एक बड़ा कदम था और हालिया शोध बताता है कि यह तकनीक उन्होंने खुद विकसित की थी।

दरअसल वैज्ञानिक मानते आए थे कि यूरोप में मिट्टी के बर्तनों का आगमन लगभग 9000 साल पहले कृषि और जानव. रों के पालतूकरण के प्रसार के साथ हुआ था। उत्तरी युरोप में मिले लगभग इसी काल के बर्तनों के आधार पर माना जाता था कि यह तकनीक शिकारी-संग्रहकर्ताओं ने अपने अधिक प्रगतिशील किसान पड़ोसियों से सीखी था, लेकिन नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक अध्ययन बिल्कुल अलग कहानी कहता है। लगभग 20,000 साल पहले, सुदूर पूर्वी इलाकों में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के समूहों के बीच मिट्टी के बर्तन बनाने और उपयोग करने के ज्ञान का प्रसार हो चुका था। ये बर्तन तब उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले चमड़े के बर्तनों से अधिक टिकाऊ थे और पकाने में उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के बर्तनों की तरह आग में जलते नहीं थे। लगभग 7900 साल पहले तक यूराल पर्वत से लेकर दक्षिणी स्कैंडिनेविया तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आम हो चुका था। मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल-निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानवरों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

इसके अलावा, बर्तनों पर की गई कलाकारी और बर्तनों के आकार की तुलना करके शोधकर्ता पता लगा सके कि मिट्टी के बर्तनों का प्रसार एक से दूसरे समुदाय में कैसे हुआ। वैसे तो मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए कच्चा माल हर जगह उपलब्ध था, लेकिन उन्हें आकार देने और पकाने जैसा तकनीकी ज्ञान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित हुआ होगा और साथ ही खाना पकाने की नई तकनीक भी सीखी गई होगी। सारे डैटा को एक साथ रखने पर टीम ने पाया कि उत्तरी यूरेशिया के कुछ हिस्सों में मिट्टी के बर्तन तेजी से फैले थे। कुछ ही शताब्दियों में यह तकनीक कैस्पियन सागर से उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में फैल गई थी। जिस तेजी से इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने का ज्ञान फैला, उससे लगता है कि यह ज्ञान लोगों के प्रवास के साथ आगे नहीं बढ़ा बल्कि एक समूह से दूसरे समूह में हस्तांतरित हुआ। ऐसा लगता है एक जगह से दूसरी जगह तक सफर ज्ञान ने किया, लोगों ने नहीं। यदि ऐसा है, तो ये नतीजे हाल ही में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से विपरीत हैं जो बताता है कि एनातोलिया में यह तकनीक किस तरह से फैली। हालिया जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं कि लगभग इसी समय एनातोलिया से दक्षिणी यूरोप आए किसान अपने साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के तरीके और परंपराएं लाए थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस पर अधिक शोध यह जानने में मदद कर सकता है कि वास्तव में यह ज्ञान कैसे फैला। जैसे यदि शिकारी-संग्रहकर्ता समाज पितृस्थानिक थे (जहां महिलाएं शादी के बाद ससुराल चली जाती हैं) तो मिट्टी के बर्तन बनाना महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्य हो सकता है जो विवाह सम्बंधों के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव तक फैला होगा। बहरहाल, अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि हम जितना समझते थे शिकारी-संग्रहकर्ता उससे कहीं अधिक नवाचारी थे। प्रागैतिहासिक जापान से बाल्टिक सागर के किनारों तक घूमने वाले शिकारी-संग्रहकर्ता लोगों ने अपनी घुमंतु जीवन शैली को छोड़े बिना नई तकनीकों को गढ़ा और अपनाया था वे किसानों का अनुसरण नहीं कर रहे थे बल्कि सर्वथा अलग रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। इस मायने में देखा जाए तो शिकारी-संग्रहकर्ता समाज आविष्कारी समाज था। हालांकि रूस के वैज्ञानिक इस बारे में पहले से जानते थे और इसके अधिकतर साक्ष्य रूसी भाषा में प्रकाशित हुए थे, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में खिंच गई अदृश्य दीवार के चलते इस जानकारी से बाकी लोग अनभिज्ञ रहे और बर्तनों का उपयोग किसानों और पशुपालकों की तकनीक माना जाता रहा। 1990 से यह अदृश्य दीवार ढहने लगी थी, पश्चिमी यूरोप और रूस, यूक्रेन व बाल्टिक क्षेत्र के शोधकर्ता संयुक्त अध्ययनों में शामिल होने लगे थे। हालिया अध्ययन भी इसी सहयोग की मिसाल है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने इस दीवार को फिर ऊंचा कर दिया है।

(स्रोत फीचर्स)

जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम

कुछ दशकों पहले तक वन्यजीवों पर किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक अध्ययन प्राणी संग्रहालयों के कृत्रिम वातावरण में होता था। शोधकर्ता पिंजरों के भीतर पले-बढ़े जानवरो को देखकर जंगली जानवरों के व्यवहार पर निष्कर्ष निकालते। ऐसे समय में, 1960 में मात्र 26 वर्ष की एक युवा महिला अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर तंजानिया के गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व पहुंची। उन्होंने वहां रहकर कठिन परिस्थितियों में जंगल में पले-बढ़े चिम्पैंजियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण शुरू किया। किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना, वे एक ऐसे नए अध्याय की शुरुआत कर रही थीं जिसने आगे चलकर पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वह युवती थी जेन गुडॉल, जिनका इस साल दुखद निधन हो गया।

बचपन से ही टारजन और डॉक्टर डूलिटल जैसी किताबें पढ़ने वाली जेन का सपना था अफ्रीका जाना और किताबों के जरिए परिचित हुए अपने पसंदीदा जानवरों के साथ काम करना। उन्हें जानवरों के जीवन को गहराई से समझने और उनके बारे में लिखने की तीव्र इच्छा थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए, पैसे बचाए और अथक मेहनत की जो उनके दृढ़ निश्चई होने का प्रमाण है।

शोध और अध्ययन

जेन के दीर्घकालीन निरीक्षणों से चिम्पैंजियों के जीवन, सामाजिक संरचना और व्यवहार के बारे में नई जानक. ारी मिली। गुडॉल ने यह सिद्ध किया कि चिम्पैंजियों में भावनाएं होती हैं, वे संवेदनशील होते हैं, जीवनभर टिकने वाले रिश्ते बनाते हैं, समूह में योजनाएं बनाते हैं और जो कुछ सीखते हैं, उसे अगली पीढ़ी को सिखाते हैं। उन्होंने देखा कि चिम्पैंजी केवल शाकाहारी नहीं हैं वे कभी-कभी छोटे बंदरों का शिकार कर मांस भी खाते हैं। उन्होंने यह भी देखा कि चिम्पैंजी औजार बनाकर उनका उपयोग करते हैं। यह मानव विकास को समझने में क्रांतिकारी खोज थी। उनके शोध से यह सिद्ध हुआ कि चिम्पैंजियों के भी मनुष्य की तरह व्यक्तित्व होते हैं। इससे यह धारणा गलत साबित हुई कि जानवर केवल आदत के अनुसार व्यवहार करते हैं। उस समय कई वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों से असहमत थे, क्योंकि तब यह विश्वास दृढ़ था कि मनुष्य अन्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग है। जेन ने जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया, उन्हें पहचान के लिए संख्या नहीं बल्कि नाम दिए। उस समय यह अवैज्ञानिक माना जाता था, लेकिन शायद इससे उनके निरीक्षण में भावनात्मक गहराई आई। उनमें से एक चिम्पैंजी, डेविड ग्रेबियर्ड, ने सबसे पहले जेन पर भरोसा किया और पास आने दिया। वह अपने समूह का प्रमुख था, जिससे अन्य चिम्पैंजियों ने भी जेन को स्वीकार किया। उसी डेविड ग्रेबियर्ड को जेन ने घास की डंडी की मदद से दीमक निकालते हुए देखा पहली बार यह साबित हुआ कि मनुष्य के अलावा अन्य प्रजातियां भी औजार का उपयोग करती हैं। इस खोज ने मनुष्य और जानवरों के बीच की सीमा रेखा धुंधली कर दी। नेशनल जियॉग्राफिक में प्रकाशित इस खोज ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई। जेन के अध्ययन ने चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गॉम्बे के कुछ चिम्पैंजियों में एक खास वायरस

पाया गया, जो मनुष्यों में एड्स उत्पन्न करने वाले वायरस HIV-1 का निकट सम्बंधी है। अध्ययनों में यह भी पाया गया कि SIVcpz से संक्रमित चिम्पैंजियों में CD4+ टी कोशिकाओं की संख्या घटती है, एड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं और मृत्यु का खतरा 10 से 16 गुना बढ़ जाता है। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि एड्स का उद्भव संभवत: चिम्पैंजी या गोरिल्ला जैसे ऐप में होकर मानव में हस्तातंरण हुआ संभवत: शिकार या मांस काटने के दौरान। इन खोजों की वजह से जेन को आगे के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका प्रारंभिक पांच महीने का प्रोजेक्ट आगे बढ़कर दुनिया का सबसे लंबा वन्यजीव अध्ययन बन गया जो आज भी 60 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। चिम्पैंजियों के दीर्घ जीवनकाल को देखते हुए, उनका दीर्घकालीन अध्ययन आवश्यक भी था। अब तक इस पर लगभग 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जेन की यात्रा में डॉ. लुईस लीकी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने जेन की जिज्ञासा और प्रकृति-प्रेम को पहचाना और उन्हें तंजानिया में शोध का अवसर दिया। आगे चलकर, उन्होंने ही जेन को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी करने का अवसर दिलाया, भले ही उनके पास स्नातक की डिग्री नहीं थी। 1966 में जेन ने गॉम्बे नदी के किनारे संरक्षित क्षेत्र में मुक्त रूप से रहने वाले चिम्पैंजियों के व्यवहार विषय पर पीएचडी पूरी की। उनकी शोध पद्धति, नैतिकता और अनुशासन आज भी आदर्श माने जाते हैं।

पीएचडी के बाद भी जेन का कार्य रुका नहीं। वे गॉम्बे वापस आ गई लेकिन अब उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण था। दुनिया भर में वनों की कटाई और वन्यजीवों के आवासों का विनाश तेजी से बढ़ रहा था। गॉम्बे नेशनल पार्क भी इन चुनौतियों से अछूता नहीं था। मानव हस्तक्षेप और चराई के कारण जानवरों में रोगों का संक्रमण बढ़ रहा था। विशेष रूप से चिम्पैंजियों में, जो अलग-थलग समूहों में रहते हैं और समूह के बाहर जाकर बिरले ही प्रजनन करते हैं। ऐसी स्थिति में जेन के संरक्षण कार्यों का महत्व और बढ़ गया। जेन के इस कार्य व प्रयासों के चलते 1968 में गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। 1977 में उन्होंने जेन गुडॉल इंस्टिट्यूट की स्थापना की। प्रारंभ में इसका उद्देश्य गॉम्बे प्रोजेक्ट को सहायता देना था, लेकिन आगे चलकर यह संस्था वन्यजीव संरक्षण हेतु 25 देशों में सक्रिय हो गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

इमरान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा

पाकिस्तान में चार दिन से प्रदर्शन, पुलिस ने खैबर सीएम को पीटा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है।

न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन काल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा। कासिम

दावा: सेना के आदेश पर किया गया हमला

ने अपने पिता की रिहाई को लेकर यह पोस्टर गुरुवार को एक्स पर शेयर किया, जिसमें कहा गया है कि इमरान खान को 845 दिन से अवैध हिरासत में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं।

इमरान की बहन ने किया अदालत का रुख

लाहौर। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) में अडियाला जेल सुपरिटेंडेंट और अन्य के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की याचिका दायर की है। अलीमा का कहना है कि उन्हें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने की इजाजत नहीं दी गई। अलीमा खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूसरे नेताओं की मौजूदगी में याचिका दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें कोर्ट ने 73 साल के अलीमा को हफ्ते में दो बार जेल में बंद इमरान खान से मिलने का शेड्यूल शुरू किया था। याचिका में अलीमा ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।

नई दिल्ली। महिलाओं से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आशावान हूं: पॉल कागामे

किगाली। रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने गुरुवार को कहा कि वह अफ्रीकी महाद्वीप के मध्य स्थित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका की ओर से कराए जा रहे शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर आशान्वित हैं। डीआरसी के राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि कागामे और उनके कांगो के समकक्ष फेलिक्स त्सेसीकेदी के बीच यह शांति समझौता दिसम्बर की शुरुआत में वाशिंगटन में हस्ताक्षरित हो सकता है। कागामे ने रवांडा की राजधानी किगाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते में देरी के लिए रवांडा ज़िम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो यहां इंतज़ार कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

भारत ने श्रीलंका के लिए मदद की पहली खेप भेजी

नई दिल्ली। भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में जान-माल के नुकसान की भरपाई के लिए ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' कर तत्काल राहत सामग्री की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की पहली खेप भेजी है। डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका को राहत सामग्री सौंपे जाने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सागर बन्धु शुरू। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंपी।

बेड़ा निरीक्षण में विक्रांत कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत देश में ही निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि के साथ अपनीपहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका नौसना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। श्रीलंका नौसेना ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ पर 27 से 29 नवम्बर तक इस समुद्री समारोह का आयोजन किया है। इसमें कई देशों के नौसैनिक पोत, प्रतिनिधिमंडल और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

रूस-वेनेजुएला ने 19 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

मॉस्को। रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक खबर के अनुसार, दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।

अमेरिका में अब इंडियन शब्द इस्तेमाल पर रोक!

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया फिर विवादित बयान, नेटिव अमेरिकन समूहों ने जताया कड़ा विरोध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ऐसा बयान दे दिया है जिसने नेटिव अमेरिकन समुदायों में नई बहस शुरू कर दी है। ट्रम्प ने दावा किया कि अब इंडियन शब्द का इस्तेमाल करना मानो प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे इस्तेमान नहीं कर सकते। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। ट्रम्प ने बातचीत में कहा कि आप 'इंडियन' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ इंडियंस ही चाहते हैं कि आप इसका इस्तेमाल करें।

मैं कभी आपको इसे बदलने के लिए नहीं कहूंगा। यह शब्द ऐतिहासिक गलती से जुड़ा है, जब क्रिस्टोफर कोलं. बस ने सोचा था कि वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा। कुछ जनजातीय सदस्य आज भी इसे अपनाए रखते हैं, जबकि कई इसे नस्लीय और गलत मानकर छोड़ देना चाहते हैं। ट्रम्प पहले भी नेटिव अमेरि. कन समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विवादों में रहे हैं। वाशिंगटन की एनएफएल टीम के पुराने नाम रेडस्किन्स को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया था। 2020 में विरोध और आलोचनाओं के चलते यह

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं
जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था, वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा: डोनाल्ड ट्रम्प

नाम हटाकर वाशिंगटन कमांडर्स कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि वह नए स्टेडियम की मंजूरी तभी देंगे जब टीम अपना पुराना नाम वापस ले।

उन्होंने यह भी कहा था कि पुराना नाम टीम के लिए ज्यादा मूल्यवान और ज्यादा रोमांचक होगा। अमेरिकन इंडियन अफेयर्स एसोसिएशन सहित कई समूहों ने ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी टीम मास्काट परंपराओं से नेटिव संस्कृतियों को कार्टून की तरह पेश किया जाता है। समूह का कहना है कि ये नाम और मास्काट हमें सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें मजाक बना देते हैं। हम जीवित संस्कृतियाँ हैं, मनोरंजन के साधन नहीं।

कई जनजातीय सदस्यों ने कहा कि ट्रम्प नेटिव पहचान को अपनी राजनी. तिक भाषा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जहां अधिकतर समूह उनके बयान का विरोध कर रहे हैं, वहीं नेटिव अमेरि. कन गार्जियन्स एसोसिएशन ने ट्रम्प का समर्थन किया है। इस संगठन ने कहा कि राष्ट्रपति की बात में कामन सेंस है और कुछ नाम व शब्द वापस लाने चाहिए। यह समूह पहले भी टीम नामों को वापस लाने या उसके उपयोग जारी रखने की मांग करता रहा है। ट्रम्प का नेटिव अमे. रिकन समुदायों के साथ विवाद नया नहीं है। 1993 में कांग्रेस के सामने दिए एक बयान में उन्होंने कहा था कि कुछ जनजातियां उन्हें इंडियन जैसी नहीं दिखतीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि उनके अंदर कई कथित इंडियंस से ज्यादा इंडियन ब्लड हो सकता है। यह बयान तब आया था जब वे नेटिव अमेरिकन गेमिंग लाइसेंस को लेकर चल रही सुनवाई में शामिल थे।

गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पालिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा: जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पालिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी। ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवम्बर से लागू हो गई है।

यूक्रेन के दूसरे सबसे ताकतवर शख्स के घर छापेमारी

कीव। यूक्रेन की एंटी-करप्शन एजेंसियों ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ आफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर की तलाशी की है। 2025 की शुरुआत में यूक्रेन में जांच एजेंसियों ने 800 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था, जिसमें जेलेंस्की के कई करीबी घिर गए हैं। जेलेंस्की पहले ही दो मंत्रियों को बर्खास्त कर चुके हैं। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति के एक पुराने बिजनेस पार्टनर तिमूर मिनडिच देश छोड़कर भाग चुके हैं। येरमाक को जेलेंस्की का सबसे करीबी सलाहकार हैं। इसलिए उन्हें देश का दूसरे सबसे ताकतवर शख्स कहा जाता है। वे अमेरिका और रूस के बीच पीस डील में यूक्रेन की तरह से बात. चीत कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में घिरने के बाद येरमाक पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज तलाशी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उनकी तरफ से पूरी मदद की जा रही है और वे किसी केस में आरोपी नहीं हैं। जांच एजेंसियों ने देश की परमाणु ऊर्जा फर्म एनर्जोएटम में टेंडर देने के बदले रिश्वत लेने और सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के नेटवर्क को पकड़ा है।

नेपाल ने भारत के 3 इलाकों को अपना बताया

काठमांडू। नेपाल ने भारत के साथ पहले से चल रहे सीमा विवाद को और बढ़ा दिया है। उसने अपने नए 100-रुपये के नोट पर जो नक्शा छापा है, उसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि ये तीनों इलाके भारत की सीमा के भीतर आते हैं।

भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है और इसे एकतरफा कार्रवाई बताया, जिसमें ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। विद. `श मंत्रालय ने कहा कि ऐसे दावों सच्चाई नहीं बदलती है। नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे दावे

100 रुपये के नोट पर विवादित मैप छापा, भारत बोला: ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती

द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हैं। ये नोट पर नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के साइन हैं और नोट जारी करने का साल 2081 बीएस (2024) लिखा गया है। यह नक्शा नोट के बीच में हल्के हरे रंग में बना है। यह नक्शा सिर्फ 100 के नोट पर है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर नहीं। बैंक का कहना है कि पुराने 100 के नोट पर भी नक्शा था, अब उसे सिर्फ सरकारी फैसले के मुताबिक संशोधित किया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर

सीने में इन्फेक्शन से जूझ रहीं, बांग्लादेश के पीएम यूनुस बोले: सलामती के लिए लोग प्रार्थना करें

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया बीएनपी की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं।

आलमगीर ने कहा कि कल रात डाक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से जिया के जल्द ठीक होने के

23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था
खालिदा के बेटे तारिक और अन्य पांच आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी

लिए दुआ करने की अपील भी की है। फिलहाल वे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां स्थानीय और विदेशी डाक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। खालिदा जिया को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरो. पियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही। शेख हसीना के तख्तापलट के 1 दिन बाद खालिदा जिया को 6 अगस्त 2024 को रिहा किया गया था। इसके बाद वह बेहतर इलाज के लिए लंदन चली गई थीं। 4 महीने वहां रहने के बाद वे 6 मई को देश लौटीं। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। वहीं, उनके छोटे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

यूएई ने पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद किया

70-80 प्रतिशत आवदेन रिजेक्ट हो रहे, अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती

इस्लामाबाद। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है।

हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डीएडब्ल्यूएन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। डीएडब्लयूएन की रिपोर्ट के

जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है

मुताबिक लाहौर के रहने वाले 28 साल के नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। फुल-टाइम नौकरी और बैंक स्टेटमेंट देने के बावजूद वीजा मंजूर नहीं हो रहा। इसके कई युवा परेशान हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है। लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यूएई अधिक. ारियों को कई आवेदकों के दस्तावेज संदिग्ध मिले। एआई आधारित सिस्टम में गड़बड़ी पकड़ में आती है तो वीजा तुरंत रिजेक्ट हो जाता है। पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना जाता है। अब कई देशों की सख्त वीजा नीतियों और एंट्री बैन ने पाकिस्तानी यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ा दी हैं।

श्रीलंका में दितवा का कहर 56 लोगों की मौत, 21 लापता

कोलंबो। चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है तथा अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

श्रीलंका के स्थानीय मीडिया 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने केलानी नदी घाटी के कई निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है। देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है। कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई

चक्रवाती तूफान ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई, करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए

है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है। तेज मौसम के चलते रेल विभाग ने शुक्रवार सुबह सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दीं। कई क्षेत्रों में सड़कें पेड़ गिरने और जलभराव के कारण अवरुद्ध हैं। तेज बारिश और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाके पूरी तरह अंधेरे में डूबे हुए हैं। कोलंबो के कई मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित है। सेना की 20,500 से अधिक टुकड़ियां राहत और बचाव कार्यों में लगा दी गई हैं।